TNF® TODAY

# टीएनएफ टुडे

थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे

tnftoday    tnftoday

www.tnftoday.com / epaper | Trial Edition | पृष्ठ- 8 | वर्ष-01 अंक-58 | मूल्य ₹7 | रविवार | दिनांक- 30.08.2026

फूड लवर्स को मिलेंगे एशिया के खास जायके (पेज-3)

## कुंडौल में 29 दिन बाद आश्वासन पर खत्म हुआ धरना



एजेंसी, आगरा।

ग्राम पंचायत कुण्डौल के मजरा कछपुरा एवं पोखरपुरा में जल निकासी, कछपुरा में सीसी निर्माण तथा ग्राम पंचायत कुण्डौल में वित्तीय अनियमितताओं को लेकर पिछले 29 दिनों से चल रहा धरना प्रदर्शन शनिवार को समाप्त हो गया।

उप जिलाधिकारी सदर, कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्य के प्रतिनिधि सुनील गोली एवं ब्लॉक प्रमुख चौधरी उत्तम सिंह काका के आश्वासन के बाद रामवीर सिंह कुशवाह को जूस पिलाकर धरना समाप्त कराया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राजकुमार कुशवाह, पूर्व जिला उपाध्यक्ष प्रकाश राजपूत, मंडल अध्यक्ष विजय सिंह लोधी, चंद्रप्रकाश मौर्य, गोपाल कुशवाह, संतोष कुमार, प्रिंस कुशवाह सहित बरौली अहीर ब्लॉक के बीडीओ, विद्युत विभाग के एसडीओ, ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि एवं क्षेत्र के सम्मानित लोग मौजूद रहे। धरना समाप्त होने के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से आश्वासन के अनुरूप जल्द विकास कार्य एवं संबंधित मामलों में कार्रवाई की उम्मीद जताई।

# 5253वां श्रीकृष्ण जन्मोत्सव 4 सितंबर को

- पंचरत्नी पोशाक धारण कर कलहंस पुष्प बंगले में विराजेंगे ठाकुर जी
- रात 12.10 बजे कामधेनु गऊ से महाभिषेक, 5 दिन तक होंगी श्रीकृष्ण लीलाएं

टीएनएफ टुडे, मथुरा।

भगवान श्रीकृष्ण की पावन जन्मभूमि पर इस वर्ष 5253वां जन्मोत्सव शास्त्रीय मयार्दाओं के साथ भव्य-दिव्य रूप से मनाया जाएगा। 4 सितंबर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाएगा। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के अनुसार इस वर्ष ठाकुर जी कलहंस पुष्प-बंगले में विराजेंगे और पंचरत्नी पोशाक धारण करेंगे। इस पोशाक पर समुद्र मंथन से प्राप्त पंचरत्नों को विशेष रूप से उकेरा गया है। इस बार गौरक्षा-राष्ट्ररक्षा का संकल्प भी लिया जाएगा।

श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान सचिव कपिल शर्मा और सदस्य गोपेश्वर चतुर्वेदी ने शनिवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि 3 सितंबर सायं 5.30 बजे काशी विश्ववनाथ धाम से प्राप्त प्रसाद, अयोध्या धाम से प्राप्त उपहार एवं अभिषेक सामग्री के साथ भव्य शोभायात्रा निकलेगी। श्री गर्भ-गृह को 200 किलो चांदी से सजाया गया है। इस वर्ष गर्भगृह में दिव्य अभिषेक होगा। भीड़ के दबाव को कम करने के लिए एलईडी स्क्रीन पर दर्शन कराए जाएंगे।

पदाधिकारियों ने बताया कि जन्माष्टमी रात्रि 11 बजे सहस्त्रार्चन शुरू होगा। रात 12.10 से 12.25 बजे तक कामधेनु स्वरूपा गऊ द्वारा ठाकुर जी का जन्माभिषेक होगा। इस स्वर्ण मंडित रजत गऊ पर देवी-देवताओं की आकृतियां उत्कीर्ण हैं। 12.25 से 12.40 बजे रजत कमल में विराजित ठाकुरजी का जन्म महाभिषेक और 12.45 बजे श्रृंगार आरती होगी। श्रद्धालुओं का प्रवेश रात्रि 1.30 बजे तक रहेगा।




### 5 दिन तक श्रीकृष्ण लीला

1 से 5 सितंबर तक सायं 7 से 11 बजे पंचदिवसीय श्रीकृष्ण लीला का आयोजन होगा। 1 को माखन चोर, 2 को मीरा चरित्र, 3 को श्यामा-श्याम मिलन, 4 को जन्म लीला और 5 को गिरिराज-छप्पनभोग लीला होगी। भजन गायन और सुप्रसिद्ध रसाचार्य स्वामी श्रीदेवकीनंदन की रासमंडली प्रस्तुति देगी।



### महोत्सव के मुख्य बिंदु

- प्रातः 5:30 से रात्रि 1:30 बजे तक जन्मस्थान में होगा निरन्तर प्रवेश
- 03 सितम्बर की सांय 5:30 बजे भव्य रूप से होगा पोशाक अर्पण-दर्शन कार्यक्रम
- श्रीराम जन्मभूमि एवं श्रीकाशी विश्वनाथ धाम से आयेंगे श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपहार-प्रसाद।
- इस वर्ष श्रीगर्भ-गृह में अभिषेक होगा दिव्य।
- भगवान को मुख्यतः मेवे, कूटू, गोंद एवं मिंगी के लड्डुओं का भोग लगाया जाएगा।
- पावन बेला में मंगल ध्वनि के लिए महाकाल की नगरी से डमरू और मृदंग के सिद्धहस्त-विशिष्ट वादकों को आमंत्रित किया गया है

## पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर एफआईआर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ हेस्टिंग्स थाने में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। आरोप है कि 28 अगस्त यानि शुक्रवार को कोलकाता के कैथेड्रल रोड पर हुई टीएमसी छात्र परिषद की स्थापना दिवस रैली के दौरान कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश का उल्लंघन किया गया। शिकायत के मुताबिक कोर्ट ने रैली सिर्फ सड़क के एक हिस्से पर करने की इजाजत दी थी, लेकिन कार्यकर्ताओं ने दूसरा हिस्सा भी घेर लिया, जिससे वहां गाड़ियों का आना-जाना रुक गया। यह एफआईआर हेस्टिंग्स थाने में केस नंबर 112 के तहत 28 अगस्त 2026 को दर्ज हुई है. इसमें भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 61(2), 223, 125(a), 132 और 285 लगाई गई हैं. शिकायत हेस्टिंग्स थाने की रकअपू बैद्य ने दर्ज कराई है, जो कोलकाता के मिडिल रोड इलाके में तैनात हैं. शिकायत में कहा गया है कि ममता बनर्जी और पश्चिम बंगाल टीएमसी छात्र परिषद के आयोजकों ने मिलकर साजिश रची और कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश की अवहेलना की।

# नेपाल बाढ़: 682 हुई मृतकों की संख्या

**करीब 3000 लोग अभी भी लापता, 287 भारतीय भी शामिल**

टीएनएफ टुडे, आगरा।

नेपाल-तिब्बत में 26 अगस्त को आई बाढ़ में मरने वालों का आंकड़ा 682 हो गया है। करीब 3,000 लोग अब भी लापता हैं। इनमें 287 भारतीय भी शामिल हैं।

इस तबाही के तीन दिन बाद ग्लेशियर टूटने का वीडियो सामने आया है। तिब्बत में एक टूर गाइड ग्रुप ने ऊंचाई से इसे रिकॉर्ड किया था। वीडियो में बर्फ और चट्टानों से बना करीब 800 मीटर लंबा ग्लेशियर का हिस्सा टूटकर घाटी में गिरता दिखाई दे रहा है। ग्लेशियर टूटने के बाद बड़े पैमाने पर मलबा और पानी नीचे की ओर बहा। इसके साथ भूस्खलन हुआ और अचानक आई बाढ़ ने नेपाल-तिब्बत सीमा से लगे इलाकों में भारी तबाही मचाई। बाढ़ के बाद नेपाल और चीन में राहत-बचाव अभियान जारी है।



### भोटेकोशी, कोशी, बागमती और लुंबिनी में भारी बारिश की चेतावनी; लोगों को अलर्ट रहने की सलाह

द राइजिंग नेपाल' मीडिया पोर्टल के अनुसार, जल विज्ञान और मौसम विज्ञान विभाग ने कोसी, बागमती और गंडकी प्रांतों के पहाड़ी और पर्वतीय इलाकों, कणार्ली के पहाड़ी इलाकों और लुंबिनी एवं सुदूर पश्चिम प्रांतों के तराई इलाकों में भारी बारिश का अनुमान जताया है। मौसम विभाग ने बताया कि कोसी, बागमती और गंडकी प्रांतों के साथ ही कुछ अन्य पर्वतीय इलाकों में गरज के साथ बारिश तथा बर्फबारी हो सकती है।

### काठमांडू और सिंधुपलचोक जिलों में हो रही बारिश

नेपाल मौसम विभाग ने पृथ्वी-उपग्रह से मिली तस्वीरों के विश्लेषण के बाद बताया, काठमांडू और सिंधुपलचोक जिलों में अभी मध्यम बारिश हो रही है और आगे भी बारिश की संभावना है; साथ ही, कुछ ही देर में रसुवा, नुवाकोट और धाडिंग के आस-पास के इलाकों में भी ऐसी ही मध्यम बारिश होने की आशंका है, इसलिए जरूरी सावधानी बरतने का अनुरोध किया जाता है।

### 1 घंटे में मोरंग जिले के सकफारा स्टेशन पर 67.4 मिलीमीटर बारिश

नेपाल मौसम पूवार्नुमान में बताया गया, पिछले 1 घंटे में सबसे ज्यादा बारिश मोरंग जिले के सकफारा स्टेशन पर 67.4 मिलीमीटर दर्ज की गई है। अभी कोशी, बागमती और लुंबिनी प्रांतों में कुछ जगहों पर, कणार्ली प्रांत में कुछ जगहों पर और सुदूरपश्चिम प्रांत में एक-दो जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश हो रही है।

### बारिश की वजह से राहत और बचाव कार्य में हो रही दिक्कत

नेपाल के मौसम विभाग ने शनिवार को देश के बाढ़ प्रभावित इलाकों में फिर से बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने की चेतावनी दी है। इससे बिगड़ते हालात के बीच चल रहे बचाव और राहत कार्यों में बाधा आने का खतरा है। तलाश एवं बचाव अभियान के लिए 11,000 से अधिक सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है, जिनमें नेपाल सेना के 5,000 से ज्यादा जवान शामिल हैं।

### चार भारतीयों का रेस्क्यू, 287 अब भी लापता

नेपाल में प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव अभियान के बीच भारत ने चार और भारतीय नागरिकों को सुरक्षित बचाया है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, 29 अगस्त 2026 को रासुवा स्थित एक जलविद्युत परियोजना से चार भारतीय नागरिकों को रेस्क्यू किया गया। इनके जल्द ही काठमांडू पहुंचने की उम्मीद है। रेस्क्यू किए गए भारतीय नागरिकों में रिपु कुमार, चनेश्वर नरजारी, कृपा शंकर और मोहम्मद मिनहाजुद्दीन शामिल हैं।

### बिहार सरकार ने बाढ़ प्रभावित नेपाल में फंसे महाराष्ट्र के 100 तीर्थयात्रियों को घर लौटने में की मदद

शनिवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, नेपाल में अचानक आई बाढ़ के कारण काठमांडो में फंसे महाराष्ट्र के लगभग 100 तीर्थयात्रियों को बिहार सरकार ने सुरक्षित बाहर निकाला और ट्रेन से उनके गृह राज्य भेजा। बिहार आपदा प्रबंधन विभाग ने बताया कि यह बचाव कार्य महाराष्ट्र सरकार के अनुरोध पर किया गया। बयान में कहा गया, "बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निर्देश पर, सीतामढ़ी जिला प्रशासन ने शुक्रवार को तीर्थयात्रियों को नेपाल सीमा से सुरक्षित सीतामढ़ी पहुंचाया।" यह बचाव कार्य मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत और आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल की देखरेख में किया गया।

## एडीए की 'गंगापुरम' योजना में बड़ा खेल

### योगी सरकार के नियम बन गए 'हाथी के दांत'

- सुप्रीम कोर्ट के वकील का आवेदन बिना कारण निरस्त

टीएनएफ टुडे, आगरा।

उत्तर प्रदेश सरकार की 'पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त' कार्यप्रणाली के दावे उस समय हवा-हवाई साबित हो गए, जब आगरा विकास प्राधिकरण (एडीए) की महत्वाकांक्षी योजना में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया। शहर में इन दिनों यह चर्चा आम है कि सरकार के कार्यक्रम 'हाथी के दांत' की तरह हो चुके हैं, जो खाने के कुछ और और दिखाने के कुछ और हैं। इस विसंगति का ताजा शिकार कोई आम नागरिक नहीं, बल्कि कानून के रखवाले ही बने हैं। बिना कारण आवेदन निरस्त, ड्रा से किया बाहर।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता, भाजपा लीगल सेल के पूर्व जनरल सेक्रेटरी और भाजपा युवा मोर्चा आगरा के पूर्व मीडिया प्रभारी अनिल गुप्त एडवोकेट ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक बेहद कड़ा शिकायती पत्र भेजा है।




अनिल गुप्त ने आगरा विकास प्राधिकरण के अंतर्गत विकसित की जा रही 'ग्रेटर आगरा' की 'गंगापुरम टाउनशिप' में एलआईजी (लोअर इनकम ग्रुप) श्रेणी के तहत आवासीय प्लॉट आवंटन के लिए पंजीकरण कराया था। नियमानुसार सभी पात्रता शर्तें पूरी करने के बावजूद, एडीए के अधिकारियों ने बिना कोई वैध कारण बताए उनके आवेदन को अचानक निरस्त (रद्द) कर दिया। इसके चलते उन्हें आगामी लॉटरी ड्रा की प्रक्रिया से पूरी तरह बाहर कर दिया गया है। पोर्टल पर दर्ज कराई शिकायत, भ्रष्टाचार के आरोप अधिवक्ता अनिल गुप्त ने मुख्यमंत्री कार्यालय को आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से शिकायत पत्र भेजकर एडीए की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। पत्र के साक्ष्यों से यह प्रमाणित होता है कि प्राधिकरण के भीतर फाइलों को मनमाने ढंग से रोका और निरस्त किया जा रहा है। पीड़ित अधिवक्ता का आरोप है कि एडीए के अधिकारी अपनी मनमर्जी चला रहे हैं। वास्तविक रूप से पात्र आवेदकों के हक पर डाका डाला जा रहा है। सत्ताधारी दल के पूर्व पदाधिकारी के साथ हुए इस अन्याय के बाद स्थानीय राजनीति और प्रशासनिक गलियारों में हड़कंप मच गया है। घटनाक्रम ने यह साबित कर दिया है कि एडीए की आवासीय योजनाएं अब आम जनता की पहुंच से दूर और अधिकारियों की कठपुतली बन चुकी हैं।

## ताशकंद में पीएम मोदी: प्रधानमंत्री ने यांगी उज्बेकिस्तान पार्क में अर्पित की पुष्पांजलि



एजेंसी, ताशकंद।

### प्रधानमंत्री मोदी ने यांगी उज्बेकिस्तान पार्क में अर्पित की पुष्पांजलि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद में यांगी उज्बेकिस्तान पार्क पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव भी उनके साथ मौजूद रहे। यांगी उज्बेकिस्तान पार्क देश के प्रमुख और बड़े सार्वजनिक पार्कों में शामिल है। इसका उद्घाटन 31 अगस्त 2021 को उज्बेकिस्तान की स्वतंत्रता की 30वीं वर्षगांठ के मौके पर किया गया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद पहुंच गए हैं। ताशकंद पहुंचने पर पीएम मोदी का उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव ने एयरपोर्ट पर गर्मजोशी से स्वागत किया। दोनों नेताओं की मुलाकात के दौरान भारत और उज्बेकिस्तान के बीच मजबूत होते संबंधों की झलक भी देखने को मिली। अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे। दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के उद्देश्य से यह बैठक अहम मानी जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मिर्जियोयेव व्यापार एवं निवेश, रक्षा, डिजिटल कनेक्टिविटी, ऊर्जा, शिक्षा और दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क समेत कई क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा करेंगे।

## रक्षाबंधन: बहनों ने बांके बिहारी को भेजी 30 हजार राखियां

- देश भर से ठाकुर जी के लिए पहुंचीं राखियां, पत्र, कुमकुम और दक्षिणा
- भावुक चिट्ठियों के जरिए बहनों ने कान्हा से साझा किया अपना दर्द और मांगी मन्नतें

टीएनएफ टुडे, वृंदावन/मथुरा।

भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास के प्रतीक रक्षाबंधन पर्व पर कान्हा की नगरी वृंदावन में एक अनूठा और भावुक नजारा देखने को मिल रहा है। देशभर की हजारों बहनें, जिनके सगे भाई नहीं हैं या जो भगवान बांके बिहारी को ही अपना सगा भाई मानती हैं, उन्होंने अपने आराध्य के लिए राखियां, कुमकुम, अक्षत, चॉकलेट, दक्षिणा और भावुक खत भेजे हैं। बांके बिहारी मंदिर में अब तक 30 हजार से अधिक राखियां और चिट्ठियां डाक और कूरियर के माध्यम से पहुंच चुकी हैं।



श्याम पिया दासी



श्री नाथ गोस्वामी

### कान्हा को माना अपना भाई और रक्षक

मंदिर के सेवायत श्री नाथ गोस्वामी ने बताया कि कई ऐसी बहनें हैं, जिनके सगे भाई नहीं हैं। वे भगवान बांके बिहारी को ही अपना भाई और रक्षक मानकर राखी भेजती हैं। हम सेवायत इन राखियों को भगवान की कलाई पर बांधते हैं और उनके द्वारा भेजे गए पत्रों को प्रभु को पढ़कर सुनाते हैं। प्रभु के आशीर्वाद स्वरूप उन बहनों के लिए विशेष प्रसाद भिजवाया जाता है। यह भगवान और भक्त के बीच के उस पवित्र और असीम प्रेम का प्रतीक है, जिसे शब्दों में नहीं बांधा जा सकता।

### चिट्ठियों में बयां किया मन का हाल

मंदिर के सेवायतों द्वारा पढ़ी जा रही इन चिट्ठियों में बहनों ने कान्हा से अपने दिल की बात साझा की है। दिल्ली की भक्त रजनी सेठी ने लिखा कि प्रभु उत्तम नगर में जो जगह ली थी, उसे बिकवा दो। बहुत परेशानी हो रही है। हौज खास में बढ़िया- सा घर दिलवा देना। मानव की शादी के लिए आपके जैसी, हंसमुख और परिवार से प्यार करने वाली लड़की दिलवाना। वहीं मिथिलेश नाम की एक दुखी बहन ने अपना दर्द बयां करते हुए लिखा कि बिहारी जी, पति की तबीयत खराब है, कर्ज का बड़ा बोझ है और काम भी नहीं मिल रहा। बेटा बुरी संगत में पड़ गया है। मैं हार रही हूं, अब आप ही मेरी रक्षा करें।₹ इसके विपरीत झांसी की बहन रेनू ने राखी और टीका भेजते हुए भगवान का हाल-चाल पूछा और अपनी कॉलोनी में बने नए शिव मंदिर की खुशी साझा की।

### रेलिंग पर बांध रहीं राखियां

बहुत सी बहनें डाक से राखियां भेजने के बजाय साक्षात दर्शन के लिए वृंदावन पहुंची हैं। वे मंदिर की रेलिंग पर बिहारी जी को राखी बांध रही हैं और दूर से ही प्रसाद अर्पित कर अपनी अगाध श्रद्धा प्रकट कर रही हैं। श्याम पिया दासी नाम की एक भक्त ने बताया कि उनका हर रिश्ता और उत्सव केवल बिहारी जी के साथ ही है।

### योगी सरकार के पुख्ता इंतजाम

रक्षाबंधन के इस विशेष अवसर पर वृंदावन में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं और बहनों की भारी भीड़ को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन ने सुरक्षा, यातायात प्रबंधन और सुगम दर्शन के पुख्ता इंतजाम किए हैं। चप्पे- चप्पे पर पुलिस बल तैनात है, ताकि दूर- दराज से आने वाली बहनों को अपने आराध्य भाई बांके बिहारी के दर्शन में कोई असुविधा न हो।

## सीएम योगी बोले: व्यापारी-बेटी की सुरक्षा पर संकट खड़ा किया

एजेंसी, गोरखपुर।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में अब न बिजली का संकट है और न ही सुरक्षा की चिंता। व्यापारी और बेटी की सुरक्षा पर संकट खड़ा करने वालों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि जो व्यापारी और बेटी की सुरक्षा के लिए संकट खड़ा करेगा, उसके लिए जेल और जहन्नुम का रास्ता खुला है।

मुख्यमंत्री शनिवार को राप्तीनगर स्थित कल्याण मंडपम सहित करीब 130 करोड़ रुपये की लागत वाली 170 परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने कानून-व्यवस्था को प्राथमिकता दी है। शहर में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की जा रही है। सफाई से लेकर यातायात व्यवस्था तक को बेहतर बनाने के लिए लगातार काम हो रहा है।

योगी ने कहा कि गोरखपुर में स्वास्थ्य सुविधाओं का भी तेजी से विस्तार हुआ है। मेडिकल कॉलेज की नई श्रृंखला खड़ी हो चुकी है। बीआरडी मेडिकल कॉलेज को अपग्रेड किया गया है और वहां सुपर स्पेशियलिटी की सुविधाएं उपलब्ध हैं। एम्स भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दे रहा है। इसके साथ ही प्रदेश के अन्य जिलों में भी मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास का लाभ हर नागरिक तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, सफाई, यातायात और सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं को लगातार मजबूत किया जा रहा है।

TNF TODAY
टीएनएफ टुडे
थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे
tnftoday tnftoday
www.tnftoday.com / epaper
आगरा, रविवार
30 अगस्त 2026


# राजू चाहर ने कराई आखिरी कुश्ती

## एत्मादपुर के हसनपुर में 108वें ऐतिहासिक कुश्ती दंगल का आयोजन

टीएनएफ टुडे, एत्मादपुर।



क्षेत्र के ग्राम हसनपुर में 108 साल पुराने ऐतिहासिक कुश्ती दंगल का भव्य आयोजन किया गया। इस पारंपरिक दंगल में दूर-दराज से आए पहलवानों ने अखाड़े में उतरकर अपनी ताकत का प्रदर्शन किया। एक से बढ़कर एक दांव-पेंच दिखाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजू चाहर ने हसनपुर दंगल में पहुंचकर क्षेत्र की जनता का अभिवादन किया। दंगल में आखिरी कुश्ती 11000 रू. की कराकर दंगल की शोभा बढ़ाई।

दंगल में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे 'भारत केसरी' हरकेश पहलवान का क्षेत्रवासियों ने जोरदार स्वागत किया। पूर्व ब्लॉक प्रमुख हरिओम सिंह जुरेल और तरुण चौहान ने हरकेश पहलवान को स्वाफा पहनाकर कर उनका अभिनंदन किया। हरिओम जुरेल ने 2500 रुपये से हरिकेश को सम्मानित किया। इसी बीच 5100 की एक कुश्ती कराई। इस ऐतिहासिक दंगल का सफल आयोजन समस्त ग्रामवासियों और क्षेत्रवासियों के आपसी सहयोग से किया गया। उत्तर प्रदेश में आगामी चुनावों के मद्देनजर, दंगल में दर्जनों भावी प्रत्याशियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सभी राजनीतिक दिग्गजों और प्रत्याशियों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसमें अपना भरपूर सहयोग दिया। यह कुश्ती दंगल दोपहर 3 बजे से शुरू हुआ। जिसमें देर शाम तक अखाड़े में पहलवानों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। आखिरी और सबसे रोमांचक कुश्ती के संपन्न होने के बाद इस ऐतिहासिक दंगल का शांतिपूर्ण समापन हुआ। दंगल देखने के लिए आस-पास के दर्जनों गांवों से भारी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# बहना ने भाई की कलाई पे प्यार बांधा है...

## जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रक्षाबंधन का त्योहार

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।



भाई-बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने परंपरा अनुसार पूजा-अर्चना के बाद भाइयों के माथे पर रोली और अक्षत का तिलक लगाकर उनकी कलाई पर रक्षासूत्र बांधा।

बदले में भाइयों ने बहनों की जीवनभर रक्षा करने का वचन देते हुए उन्हें आकर्षक उपहार भेंट किए। पर्व को लेकर सुबह से ही कस्बा और ग्रामीण क्षेत्रों में बहिनें अपने भाइयों को राखी बांधने को उत्साहित नजर आईं। बाजारों, बस स्टैंड और चौराहों पर दिनभर चहल-पहल बनी रही। हलवाइयों की दुकानों पर अच्छी खासी भीड़ घेवर की खरीदारी करते दिखी। वहीं पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था में दिनभर मुस्तैद रही।

## मुस्लिम बहनों ने भी बांधी भाइयों को राखी

**कागारौल/आगरा।** रक्षाबंधन पर्व शुक्रवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। ग्राम पंचायत बेरी चाहर के मजरा गढ़मुक्खा स्थित चौक मौहल्ला में मुस्लिम समाज की दो सगी चचेरी बहनें अल्फिजा और सोफिया ने अरमान और आमीन दोनों भाईयों को रक्षा बंधन भाई-बहन के प्रेम, विश्वास और स्नेह के प्रतीक पर्व पर कलाई में रक्षा की राखी बांधकर लम्बी उम्र की कामना की। कागारौल के बाजार में दिनभर चहल-पहल बनी रही। राखी, मिठाई, चूड़ी, कंगन और उपहारों की दुकानों पर महिलाओं व युवतियों की भीड़-भाड़ उमड़ पड़ी। बहनों ने भाइयों के लिए रंग बिरंगी राखियां, मिठाइयां और उपहार खरीदे। बाजार में इस बार सूती लाल, पीले धागों की पारंपरिक राखियों की सबसे अधिक मांग रही। दुकानदारों के अनुसार धार्मिक महत्व और आकर्षक डिजाइन के कारण इन राखियों की बिक्री अन्य राखियों की तुलना में अधिक रही। वहीं बच्चों के लिए खिलौने, कार्टून और फैंसी राखियां भी खूब पसंद की गई। मिठाई की दुकानों पर बाजार में भी ग्राहकों की अच्छी खासी भीड़-भाड़ रही।

## डंपर की टक्कर से स्कूटी सवार छात्र की मौत



**फतेहाबाद।** शमशाबाद-फतेहाबाद मार्ग पर गढ़ी गोदना गांव के पास तेज रफ्तार डंपर ने स्कूटी सवार छात्र को टक्कर मार दी। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना की जानकारी से परिवार में कोहराम मच गया है। गगन (17) पुत्र राधारमन निवासी गढ़ी गुसाईं शनिवार सुबह 10:30 बजे के करीब गढ़ी गोदना पर पहुंचा और खोखा वाले की स्कूटी लेकर जा रहा था। तभी शमशाबाद की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने गगन में टक्कर मार दी। जिससे गगन गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान गगन ने दोपहर करीब 1:30 बजे दम तोड़ दिया। गगन कक्षा 12 का छात्रा था। घटना की जानकारी से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस डंपर की तलाश कर रही है।

## छात्रा को सांप ने डसा, इलाज से बची जान

**खेरागढ़।** क्षेत्र के गांव चीत में गुरुवार देर रात एक छात्रा को जहरीले सांप ने डस लिया। परिजनों की तत्परता और चिकित्सकों के त्वरित उपचार से उसकी जान बच गई। छात्रा के पिता मुनेश सिंह ने बताया कि रात करीब एक बजे उनकी 16 वर्षीय पुत्री नंदिनी को घर के आंगन में सांप ने डस लिया। सांप के काटते ही नंदिनी चीख पड़ी और परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजन तुरंत उसे उपचार के लिए आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने तत्काल इलाज शुरू किया। उपचार के बाद नंदिनी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# वीरन को राखी बांधने के लिए जान जोखिम में डाली

टीएनएफ टुडे, बाह।

- कीचड़ और दलदल भरे मार्ग पर ट्रैक्टर ट्रॉली हांफे, पर बहन को नहीं रोक पाए
- जन आंदोलन एवं चुनाव बहिष्कार के बाद भी नसीब नहीं हो सका पक्का रास्ता



यमुना के बीहड़ में बसे बाह के सुंसार गांव में कीचड़, दलदल भरे रास्ते पर जान जोखिम में डाल कर बहनें अपने भाई की कलाई पर राखी बांधने के लिए पहुंची। श्री अपने बच्चों के साथ कई बार दलदल में फिसली और गिरने से बाल बाल बची। गांव के लोगों ने बहनों को कीचड़ भरे रास्ते पर घर तक लाने एवं वापस छोड़ने के लिए ट्रैक्टर ट्रॉली की व्यवस्था की थी। लेकिन ट्रैक्टर भी फिसलन भरे रास्ते पर हांफ गये। गांव के बलवीर, सोनू राजपूत, मनोज कुमार, जयप्रकाश आदि ट्रैक्टर ट्रॉली को निकालने में करीब घंटे भर जूझे। पीछे से धक्का मार कर निकालने में कामयाब हुए। महिलाओं शीला देवी, राजकुमारी ने बताया कि गांव पहुंचने तक रास्ते पर हादसे की चिंता सताती रही। गांव की महिलाएं किशन देवी, मीना देवी बोली कि हमें रोजाना ऐसे ही रास्ते पर जिंदगी की गाड़ी खींचनी पड़ रही है। बीमार बेबस हैं, बच्चों की पढ़ाई के लिए गांव छोड़ने को मजबूर हैं। गांव के पूर्व प्रधान पुत्तूलाल ने बताया कि लोकसभा के चुनाव का बहिष्कार किया, तहसील से लेकर जिले तक धरना प्रदर्शन किया। लेकिन आजादी के बाद से अब तक गांव को पक्की सड़क नसीब नहीं हो सकी है। सर्वे हुए तो उम्मीद जगी, लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात ही रहा है।

सुभाष, त्रिलोकीनाथ, पप्पू, जोधाराम, सोनू राजपूत ने बताया कि बारिश के दिनों में गांव में कैद हो जाते हैं। कोई बीमार हो या फिर प्रसव पीड़ा से जूझती महिला हो, कीचड़ भरे 4 किमी के रास्ते से निकलने में घंटों लग जाते हैं। हादसे का खतरा भी रहता है। गांव से पलायन रोकने के लिए पक्के रास्ते की दरकार है। रास्ता बने तो गांव की बदहाली भी दूर हो।

## घर में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**पिनाहट।** थाना बसई अरेला क्षेत्र के गांव सबौरा में एक युवक ने घर में रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय युवक घर में अकेला था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। गांव सबौरा निवासी काशीराम पुत्र चिरंजी लाल के परिजन अहमदाबाद में रहते हैं। त्योहार पर परिजन गांव आए थे। शुक्रवार शाम परिजन अहमदाबाद के लिए रवाना हो गए। काशीराम घर पर अकेला रह गया। देर शाम उसने घर में रस्सी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी होने पर ग्राम प्रधान अभिषेक शर्मा ने बसई अरेला पुलिस को सूचना दी। सूचना पर थाना इंचार्ज रविंद्र कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतरवाकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

## मुकुंदीपुरा के तालाब में मगरमच्छ की दहशत

**बाह।** मुकुंदीपुरा के तालाब में मगरमच्छ की मौजूदगी की दहशत ने गांव के लोगों का दिन का चैन और रात की नींद छीन ली है। तालाब के एक छोर पर बस्ती है तो दूसरे छोर पर पक्का रास्ता है। शुक्रवार की रात के अंधेरे में मगरमच्छ के दिखने से गांव के लोग डरे हुए हैं। बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हो उठे हैं। बाह के रेंजर अमित कुमार ने बताया कि वह टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे। तालाब में गंदगी एवं पानी भरा हुआ है। लिहाजा मगरमच्छ को रेस्क्यू नहीं किया जा सका। ग्रामीणों की सुरक्षा एवं बाहर आने पर पकड़े जाने के लिए तालाब पर वन विभाग ने पहरा लगाया है। सतत निगरानी की जा रही है। साथ ही मगरमच्छ को रेस्क्यू के लिए तालाब खाली कराए जाने की जरूरत है। समस्या के समाधान को प्रधान उपस्थित नहीं हो सके। उन्होंने बताया कि तालाब को खाली कराने के लिए एसडीएम बाह विनोद कुमार को पत्र लिखा है। उन्होंने ग्रामीणों को तालाब के पास न जाने के लिए सतर्क किया है। तालाब से बाहर आने पर मगरमच्छ की सूचना देने को जागरुक किया है।

## ओवरटेक कर कार रोकी, सवार को पीटा

**बाह।** आगरा से घर लौट रहे बाह के विशाल उर्फ विक्की को जरार और नरहोली के बीच कृष्णा होटल के पास कार को ओवरटेक कर रोक लिया। कार से खींच कर पीटे जाने एवं कार से 20 हजार रुपये की नगदी गायब होने के आरोप में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर घायल का मेडीकल कराया है। गली गोपाल जी बाह के विशाल उर्फ विक्की ने बाह थाने में दर्ज कराई प्राथमिकी के मुताबिक शनिवार को वह अपनी कार से आगरा से घर लौट रहा था। अरनोटा पुल के पास कार का टायर पंचर हो गया था। पंचर को जुड़वा कर बाह की ओर आ रहा था। स्विफ्ट कार सवार पीछा कर रहे थे, फरैरा निकलने के बाद जरार में कृष्णा होटल के पास ओवरटेक कर उसकी कार को रोक लिया। स्विफ्ट सवार कार से तमंचा लेकर उतरे, उसे कार से बाहर खींच लिया और मारपीट करने लगे। एक सवार उसकी कार में बैठ गया। कार से 20 हजार रुपये गायब हो गये या चोरी हो गये। घटना को अंजाम देने के बाद 2 नामजद समेत 5 हमलावर भाग गये। बाह पुलिस प्राथमिकी दर्ज करने के बाद मामले की जांच में जुटी है।

## हॉकी के जादूगर को वॉलीबाल खिलाड़ियों ने किया नमन

**बाह।** खेल दिवस पर शनिवार को बाह के बाघराजपुरा गांव के मैदान पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचन्द को वॉलीबाल खिलाड़ियों ने नमन किया। कोच अल्केन्द्र जादौन ने उभरती हुई वॉलीबाल प्रतिभाओं को मेजर ध्यानचन्द के प्रेरित करने वाले योगदान के बारे में बताया। खिलाड़ियों रवी, शीलू, मोनू, शिवम, राघव आदि ने हॉकी के प्रति उनकी साधना को याद किया। इधर बाह के जूनियर हाईस्कूल के मैदान पर ब्लॉक व्यायाम शिक्षक रविन्द्र प्रताप सिंह भदौरिया ने बच्चों को हॉकी में मेजर ध्यानचन्द के योगदान के बारे में बताया और हॉकी में अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए टिप्स भी दिए।

## ऑटो चालक को पीटा, शांतिभंग में पाबंद

**बाह।** फरैरा में शनिवार को विवाद के बाद ऑटो चालक साहबरायपुरा के मोहित को पीटे जाने का मामला सामने आया है। बाह पुलिस ने घायल का मेडीकल कराया है। मारपीट के आरोपी फरैरा के कौशल को गिरफ्तार किया है। इधर बटेश्वर में घरेलू विवाद में सगे भाई आकाश और बबलू भिड़ गये। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया है। बाह पुलिस ने तीनों को शांतिभंग में पाबंद किया है।

## रंजिश को लेकर मारपीट

**फतेहाबाद।** बाह-फतेहाबाद मार्ग पर टीकेतपुरा के पास गुरुवार की शाम पुरानी रंजिश को लेकर कार सवारों ने बाइक सवार को पीट दिया पुलिस को लूट की झूठी सूचना दी। गौरव पुत्र इंद्रपाल निवासी रघुनाथपुरा खटीक मोहल्ला थाना पिनाहट मोहल्ले के ही आदित्य पुत्र महादेव के साथ धिमिश्री से बाल खरीद कर बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही बाह-फतेहाबाद मार्ग पर गुरुवार की शाम सात बजे के करीब टीकेतपुरा खंडेर के पास पहुंचे तो आरोप है कि मोहल्ले की कार सवार एक दर्जन लोगों ने बाइक के सामने कार को लगा दिया और आते ही लाठी-डंडों से गौरव और आदित्य के साथ मारपीट शुरू कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस को मामला दोनों पक्षों में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट का निकला। कार से मारपीट कर भागने वाले लोगों को पुलिस ने पकड़ लिया है जिनसे पूछताछ की जा रही है। एसीपी फतेहाबाद इमरान अहमद ने बताया कि दोनों ही पक्ष पिनाहट के रहने वाले हैं। दोनों ही पक्षों में काफी समय से मुकदमे बाजी चली आ रही है जिसकी रंजिश है। रंजिश के चलते मारपीट हुई है। लूट की सूचना फर्जी है।

## छिनैती करने वाले 3 आरोपी जेल भेजे

**फतेहाबाद।** डौकी पुलिस ने बाइक से राह चलते लोगों के साथ छिनैती करने वाले तीन लोग पकड़े मोबाइल, नगदी सहित बाइक बरामद हुई। सहायक पुलिस आयुक्त फतेहाबाद इमरान अहमद ने बताया कि 29 जुलाई को योगेश पुत्र बिजेंद्र निवासी कौलांरा खुर्द ने तहरीर दी। कहा कि रात्रि 10:30 बजे अपने घर जा रहा था। तभी अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा रास्ते में उसका मोबाइल 9500 रूपए छीन लिए। शुक्रवार को पुलिस टीम क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। सूचना पर मढ़ी नहर की पुलिया के पास से बाइक सवार तीन लोगों को पकड़ा गया। जिन्होंने अपने नाम शिवम पुत्र मुकेश कुमार निवासी ऊंचा थाना शमशाबाद, नागेंद्र उर्फ नंदू पुत्र सुमन सिंह निवासी बड़ागांव थाना शमशाबाद, सनी चौहान पत्र पोहप सिंह निवासी क्षत्रिय कॉलोनी शमशाबाद बताया। जिनके पास से एक सैमसंग मोबाइल 1400 रूपए तथा घटना में प्रयुक्त होने वाली मोटरसाइकिल स्प्लेंडर बरामद हुई। पुलिस ने तीनों को जेल भेजा गया।

# कंस मेले की सुरक्षा चाक-चौबंद

## -डीसीपी ने किया निरीक्षण, बिना नंबर के वाहन होंगे सीज

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।



रक्षाबंधन के पावन पर्व पर कस्बे में आयोजित होने वाले ऐतिहासिक कंस मेले की सुरक्षा व्यवस्था का शुक्रवार को डीसीपी पूर्वी अभिषेक अग्रवाल ने जायजा लिया। उन्होंने मेला परिसर का भ्रमण करने के साथ ही संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की और अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसीपी ने मेले में उमड़ने वाली भारी भीड़ के मद्देनजर सुरक्षा, यातायात, पार्किंग और बैरिकेडिंग की व्यवस्थाएं परखीं। उन्होंने ड्यूटी पर मुस्तैद पुलिसकर्मियों को पूरी सतर्कता बरतने और श्रद्धालुओं के साथ शालीनता से पेश आने के कड़े निर्देश दिए। इसके साथ ही, मेला कमेटी और पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने की रूपरेखा की समीक्षा की। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र व उपनिरीक्षक राम भेज सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### संदिग्धों पर नजर रखने के निर्देश

डीसीपी पूर्वी अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि यह मेला रक्षाबंधन से शुरू होकर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी तक विशेष रूप से चलेगा। भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा के लिहाज से पार्किंग ठेकेदारों को सख्त हिदायत दी गई है कि स्टैंड में कोई भी बिना नंबर का वाहन खड़ा न होने पाए। यदि ऐसा वाहन पाया जाता है, तो पुलिस उसे तत्काल सीज करने की कार्रवाई करेगी। इसके अलावा, मेले में आए दुकानदारों व व्यापारियों से भी बातचीत की गई है। कहा है कि वे संदिग्ध लोगों व वस्तुओं पर नजर रखें और कोई भी अवांछित गतिविधि दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें।

# खेल दिवस पर प्रतियोगिताओं में दिखाया दम

- डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित

टीएनएफ टुडे, आगरा।



डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के नेताजी सुभाष चंद्र बोस परिसर छलेसर स्थित शारीरिक शिक्षा विभाग की ओर से दो दिवसीय विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन 29 अगस्त को कुलपति प्रो आशुरानी की अध्यक्षता में शुभारंभ किया गया। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न संस्थानों और विभागों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिताओं का शुभारंभ विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. ओमप्रकाश ने किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने खेलों के प्रति अपनी प्रतिभा, उत्साह और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में पंडित दीनदयाल, सेठ पदम चंद, यूसीसी, कृषि, फामेर्सी, दाऊ दयाल संस्थान, स्कूल ऑफ लाइफ साइंस, इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस तथा शारीरिक शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों के लिए खो-खो, रस्साकशी, लंबी कूद, 100 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़ और म्यूजिकल चेयर सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। अलग-अलग खेल स्पधार्ओं में छात्र छात्राओं ने पूरे जोश और उत्साह के साथ अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को खेल निदेशक एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अखिलेश चंद्र सक्सेना ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने छात्रों को खेलों में निरंतर सहभागिता के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास, अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. सतेंद्र यादव, डॉ. रवि शंकर वर्मा, डॉ. सुनीता, डॉ. महेश सिंह एवं डॉ. सिंधुजा का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. श्याम सुंदर ने किया।

## एक्सप्रेसवे पर मिला अज्ञात युवक का शव

**फतेहाबाद।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के टोल प्लाजा के पास शनिवार सुबह अज्ञात किशोर का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस शिनाख्त के प्रयास में जुटी है। लखनऊ एक्सप्रेसवे के टोल प्लाजा से पांच सौ मीटर दूर लखनऊ से आगरा आने वाली लेन में सड़क किनारे 18 से 20 वर्ष के युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। जानकारी पर फतेहाबाद पुलिस व यूपीडा की टीम मौके पर पहुंची और शव मोर्चरी भेज दिया है। किशोर के सिर में चोट लगी थी, जिससे खून बह रहा था। एक पैर में भी चोट के निशान है। युवक के हाथ पर मोलू गौतम लिखा है। आशंका जताई जा रही है कि किसी वाहन की टक्कर लगने से मौत हुई है। वहीं पुलिस हाथ पर लिखे नाम व सीसीटीवी फुटेज आदि के माध्यम से शिनाख्त का प्रयास कर रही है।


## एसडीएम ने अवैध खनन में लिप्त चार वाहन सीज किए

**खेरागढ़।** तहसील क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों के खिलाफ प्रशासन का सख्त अभियान लगातार जारी है। आगरा ग्वालियर हाईवे, जगनेर रोड, नवाब बसई रोड समेत राजस्थान को जोड़ने वाले प्रमुख मार्गों और लिंक रोडों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। बृहस्पतिवार देर रात एसडीएम नरेंद्र गंगवार के निर्देशन में चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान थाना खेरागढ़ क्षेत्र के नवाब बसई रोड और कस्बा क्षेत्र से गुजर रहे चार डंपरों को रोककर जांच की गई। चालक वाहनों से संबंधित आवश्यक प्रपत्र नहीं दिखा सके। जांच में वाहन ओवरलोड पाए जाने पर उनके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए सभी डंपरों को स्थानीय पुलिस की सुपुर्दगी में मंडी समिति खेरागढ़ में खड़ा करा दिया गया। बतादें कि एक दिन पहले बुधवार को भी खेरागढ़ और कागारौल क्षेत्र में पांच ओवरलोड डंपरों को पकड़कर कार्रवाई की गई थी। लगातार हो रही कार्रवाई से ओवरलोड वाहन संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।एसडीएम नरेंद्र गंगवार ने बताया कि अवैध खनन और ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। चेकिंग अभियान में नायब तहसीलदार बबलेश कुमार और अनुज दीक्षित भी मौजूद रहे।

# रोडवेज के दावे फेल, भटकती रही सवारियां

## डग्गेमार वाहन चालकों ने जमकर काटी चांदी

**फतेहाबाद।** रक्षाबंधन के पर्व पर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा महिलाओं को मुफ्त यात्रा की सौगात दिए जाने के बावजूद धरातल पर परिवहन निगम की व्यवस्थाएं पूरी तरह ध्वस्त नजर आईं। फतेहाबाद में रोडवेज बसों की भारी किल्लत के चलते दिनभर महिला यात्री अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए भटकती रहीं। सरकारी दावों के विपरीत बसों का टोटा होने के कारण डग्गेमार वाहन चालकों ने यात्रियों की मजबूरी का जमकर फायदा उठाया और मनमाना किराया वसूल कर चांदी काटी। राखी बांधने के लिए भाइयों के घर जा रही महिलाओं का कहना था कि फतेहाबाद बस स्टैंड पर घंटों इंतजार के बाद भी बसें नहीं मिलीं। रोडवेज की अधिकांश बसें बस स्टैंड के अंदर आने के बजाय सीधे बाईपास से होकर निकल गईं। इस दौरान तेज धूप और गर्मी में बच्चों के साथ खड़ी बहनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। रोडवेज की व्यवस्था फेल होने पर निजी वाहन चालकों की पौ-बारह रही।



मजबूरी में महिलाओं को ऑटो व डग्गेमार बसों का सहारा लेना पड़ा। यात्रियों का कहना था कि फतेहाबाद से आगरा गंतव्य तक पहुंचने के लिए निजी चालकों ने 50 से 60 रुपये तक मनमाना किराया वसूला गया। मुफ्त यात्रा के सरकारी वादे के बावजूद बहनों को आर्थिक परेशानी झेलनी पड़ी। एआरएम बाह डिपो विवेक अहिरवार ने बताया कि रक्षाबंधन को लेकर परिवहन निगम द्वारा अतिरिक्त बसों का संचालन किया जा रहा है। बसों के फेरे भी बढ़ाए गए हैं।

# बिजली चोरी पर चला प्रशासन का डंडा

टीएनएफ टुडे, आगरा।

- चोरी रोकने व लाइन लॉस कम करने के लिए चला रहा सघन चेकिंग अभियान
- बिल्हेनी फीडर पर चोरी के 10 मामले पकड़े, 15 दिन में 34 पर एफआईआर

जनपद में बिजली चोरी रोकने और लाइन लॉस कम करने के लिए जिला प्रशासन एवं ऊर्जा विभाग की ओर से चलाए जा रहे विशेष सघन चेकिंग अभियान में लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिलाधिकारी मनीष बंसल के निर्देशन में जिला प्रशासन और विद्युत निगम की संयुक्त प्रवर्तन टीमों द्वारा हाई लॉस वाले क्षेत्रों और फीडरों को चिन्हित कर औचक निरीक्षण किया जा रहा है।

शनिवार को ग्राम बिल्हेनी, बिल्हेनी फीडर और उपकेंद्र कबीश चौराहा क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विद्युत चोरी के 10 मामले पकड़े गए। सभी के खिलाफ विद्युत चोरी की एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है। चेकिंग अभियान के दौरान सौरभ पुत्र शिवचरण, ओम प्रकाश पुत्र रामजीलाल, राजकुमार पुत्र मुकेश बाबू, गुलाब सिंह पुत्र देन सिंह, नवल सिंह पुत्र सूबेदार सिंह, दीपचंद्र पुत्र गेंदा लाल, नरगेश पुत्र नेमी चंद्र, भाव सिंह पुत्र आशाराम, सहदेव सिंह पुत्र गेंदालाल और नेमी चंद्र पुत्र गेंदालाल को विद्युत चोरी करते हुए पकड़ा गया। एसडीएम संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि पिछले 15 दिनों से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी कर अब तक 34 लोगों के खिलाफ विद्युत चोरी की एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई की जा चुकी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिजली चोरी के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा। अभियान के दौरान अवैध कटिया डालकर बिजली चोरी करने, मीटर से छेड़छाड़ करने या मीटर को बाईपास कर विद्युत का उपयोग करने वालों के खिलाफ विद्युत अधिनियम-2003 की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी। चोरी पकड़े जाने पर कनेक्शन काटने के साथ संबंधित व्यक्ति के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया जाएगा और नियमानुसार जुमार्ना भी लगाया जाएगा। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि केवल बिजली चोरी करने वालों पर ही नहीं, बल्कि लंबे समय से बिल जमा नहीं करने वाले बड़े बकायेदारों और विभिन्न तरीकों से बड़े पैमाने पर विद्युत चोरी करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला प्रशासन और विद्युत विभाग की संयुक्त प्रवर्तन टीमें गठित की गई हैं। तकनीकी टीमें उच्च हानि वाले क्षेत्रों और फीडरों को चिन्हित कर औचक निरीक्षण करेंगी।

## भाकियू के तहसील अध्यक्ष बने सूरज समाधिया

**पिनाहट।** भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह की संस्तुति पर कस्बा पिनाहट निवासी सूरज समाधिया पुत्र राम अवतार समाधिया को संगठन में तहसील अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। सूरज समाधिया मोहल्ला गढ़ कॉलोनी, विकासखंड पिनाहट के निवासी हैं। नवनियुक्त तहसील अध्यक्ष की नियुक्ति पर संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। संगठन की ओर से उम्मीद जताई गई कि सूरज समाधिया किसान हितों को प्राथमिकता देते हुए संगठन को मजबूत करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष की संस्तुति पर मिली जिम्मेदारी के साथ उनसे भारतीय किसान यूनियन भानू की नीति एवं सिद्धांतों का पूरी निष्ठा से पालन करने की अपेक्षा की गई है।

TNF TODAY

टीएनएफ टुडे

थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे

tnftoday   tnftoday

www.tnftoday.com / epaper



# ‘संकट कटे मिटे सब पीरा, जो सिमरे हनुमत बलबीरा’

## संकट मोचन के दरबार में शनिवार को गूंजे जयकारे



टीएनएफ टुडे, आगरा।

शनिवार के पावन अवसर पर माल रोड स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर, जंगल वाले बाबा के दरबार में श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ सुंदरकांड पाठ किया। सावन की भक्ति में सराबोर भक्तों ने सामूहिक रूप से हनुमान जी का गुणगान करते हुए सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की, मंदिर परिसर को भव्य फूल बंगले और मनोहारी श्रृंगार से सजाया गया। बाबा के दिव्य स्वरूप के दर्शन के लिए श्रद्धालु पंक्तिबद्ध होकर पहुंचे और हनुमान जी के चरणों में शीश नवाया। इस दौरान ह्यसंकट कटे मिटे सब पीरा, जो सिमरे हनुमत बलबीराह्व सहित वीर हनुमान एवं प्रभु श्रीराम के भजनों से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालु भक्ति में झूमते हुए जय श्रीराम और जय बजरंगबली के जयकारे लगाते रहे।

- सुंदरकांड पाठ के साथ श्रद्धालुओं ने किया गुणगान
- मनोहारी श्रृंगार से सजा जंगल वाले बाबा का दरबार

महंत योगेश प्रकाश भारद्वाज ने कहा कि शनिवार का दिन संकट मोचन हनुमान जी की आराधना के लिए विशेष माना जाता है। श्रद्धा और विश्वास के साथ किया गया सुंदरकांड पाठ मन को शांति प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि हनुमान जी के चरणों में सच्चे मन से की गई प्रार्थना भक्तों को साहस, शक्ति और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करती है। इस अवसर पर महंत योगेश प्रकाश भारद्वाज,डॉ अजय गुप्ता, समाजसेवी श्याम भोजवानी, माधव भारद्वाज, अमित कपूर, अजय सिसोदिया, गोपाल शुक्ला, पंकज भाई, रामनिवास गुप्ता, अमित, मनोज गुप्ता, टीकम सिंह, रंजीत सिसोदिया संजय कोहली, एवं भोला सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं भक्तजन उपस्थित रहे।

# छात्र-छात्राओं में जगी संस्कृत को जानने की ललक

## संस्कृत का अध्ययन मानव मात्र की आवश्यकताः प्रो विजय

टीएनएफ टुडे, आगरा।



राजा बलवंत सिंह महाविद्यालय के छात्र कल्याण भवन में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर विजय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। आरंभ माता सरस्वती व राजा बलवंत सिंह जी के समक्ष माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम में स्वस्ति वाचन बीए प्रथम सेमेस्टर के छात्र राम शर्मा ने किया। सरस्वती वंदना एमए तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं शालू एवं अंजलि ने की। संस्कृत स्वागत गीत सोनाक्षी, कशिश ने किया। शोध छात्रा अंबिका, प्रतिज्ञा, शालू, अंजलि, राखी, आकांक्षा, संजना, सोहम् आदि ने रमणीय संस्कृत गीतों की प्रस्तुति दी। अतिथियों का स्वागत प्रो. कुमरपाल ने किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो (डॉ ) विजय श्रीवास्तव ने छात्र-छात्राओं को संस्कृत के महत्व को रमणीय उदाहरणों के माध्यम से समझाते हुए भारतीय सनातन संस्कृति को आत्मसात करने का आह्वान किया। वाणिज्य संकाय के लेखा व विधि विभाग प्रभारी प्रो. संजीव पाल ने छात्र-छात्राओं को संस्कृत एवं संस्कृति की ओर उन्मुख होने के लिए कहा।

शिक्षा विभाग प्रभारी प्रो. बसंत बहादुर सिंह ने भारतीय संस्कृति और संस्कृत का महत्व बतलाते हुए रक्षाबंधन आदि त्योहारों का महत्व छात्र-छात्राओं को समझाया तथा छात्र-छात्राओं को संस्कृत ज्ञानवर्धन हेतु प्रेरित किया। कृषि संकाय से प्रो. संत बहादुर सिंह ने वैदुष्यपूर्ण उद्बोधन से छात्रों को संस्कृत सीखने के लिए प्रेरित किया। प्रो. मनुकांत शास्त्री ने छात्र-छात्राओं को संस्कृत सीखने एवं संस्कृति का आचरण करने की सीख दी। प्रो. प्रतिमा गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को संस्कृत अध्ययन के लाभ बताए।

संस्कृत रस प्रश्न स्पर्धा (क्विज) में यमुना समूह प्रथम, गंगा समूह द्वितीय तथा सरस्वती समूह तृतीय स्थान पर रहा। कार्यक्रम में डॉ आनंद पाराशर, प्रो. मृदुला सिंघल, डॉ काजल बंसल, डॉ संत बहादुर, डॉ तरुणकांत पाठक, डॉ. श्याम नारायण त्रिपाठी, डॉ राम साहू आदि आचार्यगणों तथा रविकान्त, मधीरज, सौरभ, आशीष, प्रकाश, प्रिंस, यश, कौस्तुभ मणि सिंह आदि शोधछात्रों की उपस्थितीय प्रशंसनीय रही। कार्यक्रम का संयोजन एवं धन्यवाद ज्ञापन संस्कृत विभाग प्रभारी डॉ. छगन लाल शर्मा ने किया तथा मंच संचालन कार्य प्रतिज्ञा, शालू एवं सौरभ ने किया।

## ताजमहल देखने गया बालक यमुना में गिरा

आगरा। थाना एत्माद्दौला क्षेत्र के मेहताब बाग स्थित ग्यारह सीढ़ी घाट पर शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे ताजमहल देखने पहुंचा 12 वर्षीय अरमान यमुना में डूब गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय गोताखोरों और स्टीमर की मदद से देर शाम तक अरमान की तलाश जारी रही, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। प्रकाश नगर निवासी अरमान पुत्र बादशाह अपने दोस्तों वाहिद, हसन पुत्र नाजिम और हसद पुत्र अकबर के साथ यमुना किनारे पहुंचा था। सभी दोस्त घाट पर खड़े होकर ताजमहल को निहार रहे थे। इसी दौरान अचानक अरमान का पैर फिसल गया और वह यमुना में जा गिरा। गहरे पानी में जाने के बाद अरमान ने बचाव के लिए शोर मचाया। दोस्त को डूबता देख हसद ने बिना देर किए यमुना में छलांग लगा दी। हसद ने अरमान को बचाने का प्रयास किया, लेकिन तेज बहाव और गहरे पानी के कारण वह उसे पकड़ नहीं सका। हसद किसी तरह तैरकर बाहर निकल आया, जबकि अरमान देखते ही देखते पानी की लहरों में समा गया। स्थानीय गोताखोरों और स्टीमर की मदद से अरमान की तलाश शुरू कराई।



## पुलिस मार्डन और स्टेडियम इलेवन ने जीते मैच

आगरा। खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश एवं जिला प्रशासन, आगरा के संयुक्त तत्वावधान में हाकी के महान खिलाड़ी स्व. मेजर ध्यानचंद की जयन्ती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाये जाने के उपलक्ष्य में एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम पर 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक डा. जीएस धर्मेश ने किया। मुख्य अतिथि का संजय शर्मा, क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर अर्न्तराष्ट्रीय एथलीट रतन सिंह भदौरिया, राष्ट्रीय हाकी खिलाड़ी संजय गौतम ने हाकी के जादूगर महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर राजीव सोई, मीनाक्षी, धीरज मदान, चन्द्रप्रकाश (जिला मंत्री, क्रीड़ा भारती), शाहिद अंसारी, वीरेन्द्र सिंह, शाहिद अली, दिनेश कुमार, अनुराग सिंह, ललित पाराशर, फरमान, राजेश यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गौरव कुमार ने किया। शनिवार को 14 वर्षीय बालकों की स्कूली हाकी प्रतियोगिता के तहत पहला मैच हॉलमेन स्कूल तथा पुलिस मॉडर्न स्कूल के मध्य खेला गया। पुलिस मॉडर्न की टीम 2-0 से विजयी रहीं। दूसरा मैच स्टेडियम इलेविन बनाम सन फ्लावर स्कूल के मध्य खेला गया। जिसमें स्टेडियम इलेविन की टीम ने 1-0 से विजयी होने का गौरव हासिल किया। तीसरा मैच जीएल पब्लिक स्कूल तथा छावनी परिषद के मध्य खेला गया। जिसमें छावनी परिषद ने 2-0 से विजयश्री हासिल की। चौथा मैच कैण्ट इण्टर कालेज तथा एनसी वैदिक इण्टर कालेज के मध्य खेला गया। जिसमें कैण्ट इण्टर कालेज की टीम 1-0 से विजयी रहीं। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका प्रशांत शुक्ला, पूजा, आरती, आशा, विनय कुमार, फिरोज खान, शाहिद अंसारी, मधु ने निभाई। प्रतियोगिता में 30 अगस्त को जिला स्तरीय जिमनास्टिक एवं टेबल-टेनिस प्रतियोगिता होगी। समस्त खेलों का पुरस्कार वितरण 31 अगस्त को शाम 4 बजे किया जायेगा।

## ताजमहल पर बिछुड़ी बच्ची को मां से मिलाया



आगरा। ताजमहल देखने हापुड़ से आई महिला पर्यटक नगमा की उस समय सांसें थम गईं, जब उनकी चार वर्षीय बेटी अनायरा पश्चिमी प्रवेश द्वार के पास परिवार से बिछड़ गई। बच्ची के गायब होने के बाद परिजन परेशान होकर उसे तलाशने लगे। इसी दौरान रोती हुई मासूम पर महिला आरक्षी सुलेखा की नजर पड़ी। पश्चिमी प्रवेश द्वार पर तैनात थाना ताज सुरक्षा की क्विक रिस्पांस टीम ने तत्काल बच्ची को सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया। उच्चाधिकारियों के निर्देशन में पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ रेडियो अनाउंसमेंट, आरटी सेट मैसेज और ताज सुरक्षा पुलिस के जवानों के माध्यम से बच्ची के परिजनों की तलाश शुरू की। पुलिस की तत्परता का नतीजा यह रहा कि महज 30 मिनट के भीतर मासूम अनायरा को उसकी मां नगमा से सकुशल मिला दिया गया। बेटी को सामने देखते ही मां की आंखों में खुशी के आंसू आ गए। बच्ची को सकुशल पाकर परिजनों ने ताज सुरक्षा पुलिस की त्वरित कार्रवाई और संवेदनशीलता के लिए आभार व्यक्त किया।

## अहमद शाह सरकार का उर्स मनाया

आगरा। थाना लोहामंडी क्षेत्र स्थित चौकी मोतीकुंज पर अहमद शाह सरकार का 172वां उर्स श्रद्धा एवं सौहार्द के साथ मनाया जा रहा है। उर्स में आगरा सहित अन्य जनपदों से श्रद्धालु शामिल होने पहुंचे हैं। उर्स के मद्देनजर चौकी प्रभारी मोतीकुंज एवं प्रभारी निरीक्षक थाना लोहामंडी पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद हैं। पुलिस द्वारा सुरक्षा, शांति एवं यातायात व्यवस्था पर लगातार नजर रखी गई। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं।

## सांप के काटे बच्चे को ठीक किया

आगरा। शहर के एचबीएम हॉस्पिटल कमाल खां जगनेर रोड़ में सांप के काटने से गंभीर हालत में एक बच्चे को लाया गया। जहां डाक्टरों के बेहतर इलाज से बच्चे को ठीक कर लिया गया। विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ जहांगीर खान अल्वी और अस्पताल प्रबंधक डाक्टर मुवीन शाह का कहना है कि यहां 24 घंटे इमरजेंसी सेवाएं उपलब्ध हैं। किसी भी गंभीर स्थिति में तुरंत इलाज प्रदान किया जाता है।

## हाकी के जादूगर को भारत रत्न देने की मांग

बाह। खेल जगत बीसीए और खेल प्रेमियों के साथ क्रीड़ा भारतीय के पदाधिकारियों ने एक स्वर से हॉकी के जादूगर दादा ध्यान चन्द को मरणोंपरांत भारत सरकार से भारत रत्न देने की मांग की है। बाह में आशुतोष नेहरू की अद्धयक्षता में खेल दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में दादा ध्यान चन्द की जयन्ती पर उन्हें नमन किया गया। इस समय उनके भारत प्रेम को लेकर हिटलर के द्वारादिया ऑफर को ठुकराना बड़ा उदाहरण बताया गया। उनके जादू के किस्से भी सुनाए गए। दादा को भारत रत्न देने की बात करने वालों में हृदय नारायण शर्मा, शंकर देव तिवारी,सत्य देव पचौरी, सतीश पचौरी विनोद राजपूत, नरेंद्र काशीवार कृपा नारायण शर्मा, अरुण दुवे, मुकेश शर्मा, डा वी पी सिंह, अरुण सिंह, विजतेंद्र गुप्त आदि नाम प्रमुख हैं।

## खेल दिवस पर वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित

फतेहाबाद। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय फतेहाबाद में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर एक दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रशासनिक प्राचार्य प्रो. चंद्रपाल ने मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। प्रो. चंद्रपाल ने कहा कि मेजर ध्यानचंद का जीवन अनुशासन, परिश्रम और राष्ट्र समर्पण की सीख देता है। खेल केवल शारीरिक विकास ही नहीं, बल्कि मानसिक सुदृढ़ता व नेतृत्व क्षमता भी विकसित करते हैं। क्रीड़ा प्रभारी आलोक कटारा ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों की प्रतिभा निखारकर उन्हें राज्य व राष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार करना है। खेल हमें टीम भावना और विपरीत परिस्थितियों में धैर्य रखना सिखाते हैं। प्रतियोगिता का फाइनल मैच बेहद रोमांचक रहा। इस अवसर पर तेजेंद्र सिंह यादव, सुरभि यादव, भारत सिंह सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# मृदंग-मंजीरों संग दिया जन्माष्टमी का न्यौता

## कमला नगर स्थित श्रीजगन्नाथ मंदिर में 4 को जन्माष्टमी, 5 को नन्दोत्सव होगा

टीएनएफ टुडे, आगरा।



श्रीहरि की भक्ति में डूबे श्रद्धालु, मृदंग और मंजीरों पर गूंजती कीर्तन की स्वरलहरियां और सुगंधित पुष्पों से सजी पालकी में विराजमान बलभद्र जी एवं कृष्ण कन्हैया। भक्तिमय और आनंदपूर्ण वातावरण के बीच कमला नगर स्थित श्रीजगन्नाथ मंदिर (इस्कॉन) के श्रद्धालुओं ने आमंत्रण यात्रा निकालकर शहरवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में शामिल होने का निमंत्रण दिया।

बल्केश्वर तिराहे से आमंत्रण यात्रा का शुभारंभ हुआ। मंदिर के अध्यक्ष अरविन्द प्रभु के नेतृत्व में निकली। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मृदंग, मंजीरे और अन्य वाद्य यंत्रों के साथ हरिनाम संकीर्तन करते हुए आगे बढ़े। यात्रा बल्केश्वर क्षेत्र से होती हुई कमला नगर मेन मार्केट और महाराजा अग्रसेन मार्ग से गुजरी। मार्ग में भक्तों ने संकीर्तन और श्रीकृष्ण के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं ने लोगों से जन्माष्टमी महोत्सव में परिवार सहित शामिल होने का आग्रह किया। यात्रा श्रीजगन्नाथ मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई।

मंदिर अध्यक्ष अरविन्द प्रभु ने बताया कि श्रीजगन्नाथ मंदिर (इस्कॉन) की ओर से इस वर्ष श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन 4 सितम्बर को महाराजा अग्रसेन सेवा सदन, कमला नगर में किया जाएगा। महोत्सव के अंतर्गत शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक कलश अभिषेक का आयोजन होगा। इसके बाद रात्रि में भगवान श्रीकृष्ण का मुख्य महाभिषेक भक्तिभाव से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिर परिसर से महाराजा अग्रसेन सेवा सदन तक पालकी यात्रा भी निकाली जाएगी। 5 सितम्बर को नन्दोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

जिसमें दही हांडी प्रतियोगिता, हिंडौला दर्शन और भजन संध्या सहित विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। मंदिर परिसर में फूल बंगला व आकर्षक ढंग से सजाया जाएगा और भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से जुड़े उत्सव का श्रद्धालु आनंद ले सकेंगे।

# छात्राओं ने पुलिसकर्मियों को बांधी राखी

एत्मादपुर। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर एवीएमडी इंस्टीट्यूट में भाई-बहन के प्रेम, विश्वास और सुरक्षा के भाव को समर्पित एक भावपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एत्मादपुर पुलिस के पुलिसकर्मी विशेष रूप से विद्यालय पहुंचे। जहां कक्षा 5 से 12 तक की छात्राओं ने उन्हें राखी बांधकर भाई-बहन के स्नेह का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मिग्फ्रे चेयरमैन वीरेंद्र कुमार मित्तल, मिग्फ्रे डायरेक्टर मनीष नेमीरा मित्तल, को-चेयरमैन रीना जालान, को-डायरेक्टर डॉ स्वाति चंद्रा एवं एवीएमडी इंस्टीट्यूट प्रिंसिपल निर्मल चौहान सहित उपस्थित अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद छात्राओं ने पुलिसकर्मियों को राखी बांधी। पुलिस भाइयों ने भी छात्राओं के प्रति स्नेह व्यक्त करते हुए उन्हें पेन, पेंसिल किट एवं चॉकलेट भेंट की। कार्यक्रम में एत्मादपुर थाना से एसआई रामपुत गौतम, एसआई शुभम, एसआई सोनी सिंह, हेड कांस्टेबल सुनील एवं कांस्टेबल आशीष उपस्थित रहे। पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं से संवाद करते हुए महिला हेल्पलाइन एवं महिलाओं की सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की और उन्हें किसी भी परेशानी की स्थिति में पुलिस की सहायता लेने के लिए जागरूक किया।



## फतेहाबाद के अजीत ने जीती लंबी कूद

टीएनएफ टुडे, बाह।

रक्षाबंधन पर जैतपुर में जैत सिंह की स्मृति में लंबी कूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसे 6.54 मीटर लंबी छलांग लगाकर फतेहाबाद के अजीत ने जीत लिया। जबकि 6.45 मीटर लंबी छलांग के साथ शिकोहाबाद के शिवम दूसरे स्थान पर रहे। वहीं 6.23 मीटर लंबी छलांग के साथ नगला गुलाल के आलोक तीसरे स्थान पर रहे। लंबी कूद प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि उद्योगपति शिवराज सिंह रहे। निर्णायक विमलेश कुमार जैन, मनोज प्रधान रहे। पुरस्कार वितरण रघुराज सिंह, विश्वनाथ सिंह भदौरिया, बच्चू सिंह भदौरिया, यशपाल सिंह, अवधेश सिंह आदि ने किया। इस दौरान अजय राजौरिया, पूर्व ब्लॉक प्रमुख हरिज्ञान संखवार, मुन्ना संखवार, असलम सिद्दकी, अवधेश महेरे, देवेन्द्र शर्मा, गुड्डू भदौरिया, केके यादव, नंदू गौतम, बलवीर सिंह भदौरिया, अनुराग उपाध्याय, मतीश यादव आदि रहे। वहीं करनपुरा में 1600 मीटर की दौड़ का आयोजन हुआ। युवा वर्ग में अनिल यादव प्रथम, प्रशांत यादव द्वितीय, हर्ष शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। जबकि किशोर वर्ग की 800 मीटर दौड़ का आयोजन हुआ। विजेताओं को प्रधान बजरंगी यादव, समाजसेवी राजेश यादव, अनीश यादव ने पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया।

# मथुरा-आगरा खंड के 53.790 रूट किमी में बढ़ी रेल संरक्षा

टीएनएफ टुडे, आगरा।

आगरा मंडल में पहली बार मथुरा जंक्शनझ्रआगरा कैंट रेलखंड के 53.790 रूट किलोमीटर में भारतीय रेलवे की अत्याधुनिक स्वदेशी ट्रेन सुरक्षा प्रणाली ह्यमानक कवचह्व का सफलतापूर्वक कमीशनिंग किया गया है। यह उपलब्धि रेल संरक्षा को और अधिक मजबूत बनाने तथा आधुनिक तकनीक आधारित रेल परिचालन की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह एवं मंडल रेल प्रबंधक, आगरा गगन गोयल के मार्गदर्शन में यह महत्वपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। मानक कवच की स्थापना आगरा मंडल में आधुनिक रेल अवसंरचना और उन्नत संरक्षा तकनीक के विस्तार की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। मथुराझ्रआगरा कैंट खंड में स्थापित मानक कवच प्रणाली ट्रेन परिचालन के दौरान संभावित खतरों को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह प्रणाली आमने-सामने की टक्कर तथा पीछे से होने वाली टक्कर से सुरक्षा, रोल-अवे से सुरक्षा, स्टैंडस्टिल सुरक्षा तथा आपातकालीन स्थिति में मैनुअल एसओएस जनरेशन जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं से सुसज्जित है। इस परियोजना के अंतर्गत मथुराझ्रआगरा कैंट खंड में कुल 766 फ्कक्कऌ टैग स्थापित किए गए हैं।

साथ ही प्रणाली के सफल एवं सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए कमीशनिंग से पूर्व लोको पायलटों एवं अन्य रनिंग स्टाफ के साथ-साथ सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग के कर्मचारियों को व्यापक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस नई उपलब्धि के साथ उत्तर मध्य रेलवे में कमीशन किए गए मानक कवच नेटवर्क की कुल लंबाई बढ़कर 122.20 रूट किलोमीटर हो गई है।

# फूड लवर्स को मिलेंगे एशिया के खास जायके

## होटल क्लार्क शिराज में शुरू हुआ पैन एशियन बारबेक्यू फेस्टिवल

टीएनएफ टुडे, आगरा।



शहर के होटल क्लार्क शिराज में पैन एशियन बारबेक्यू फेस्टिवल की शुरूआत हो गई है। 27 अगस्त से शुरू हुआ यह खास फूड फेस्टिवल 12 सितंबर तक चलेगा। फेस्टिवल में एशिया के अलग-अलग देशों की समृद्ध पाक परंपराओं और खास व्यंजनों को एक ही मंच पर पेश किया जा रहा है। फेस्टिवल में मेहमानों को पैन एशियन बारबेक्यू, कबाब, शावरमा, बिरयानी और ग्रिल्ड मीट सहित कई तरह के व्यंजनों का स्वाद लेने का मौका मिल रहा है।

भारत के साथ-साथ मध्य एशिया और दक्षिण-पूर्व एशिया के लोकप्रिय ग्रिल्ड, रोस्टेड, स्मोक्ड और मसालेदार व्यंजनों को भी फूड फेस्टिवल का हिस्सा बनाया गया है। फेस्टिवल की खासियत यहां लगाए गए लाइव बारबेक्यू और ग्रिल स्टेशन हैं, जहां मेहमानों के सामने व्यंजन तैयार किए जा रहे हैं। इसके अलावा लाइव कबाब एवं शावरमा स्टेशन, विभिन्न प्रकार की बिरयानी, थाई ग्रिल्ड मीट, एशियन सॉस, डिप्स, चटनी और सलाद भी लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। चारकोल पर तैयार किए जा रहे व्यंजनों से निकलती स्मोकी खुशबू और लाइव कुकिंग का अनुभव फूड लवर्स के लिए खास आकर्षण बना हुआ है।

फेस्टिवल में शेफ इंटरैक्शन के जरिए मेहमान एशियाई व्यंजनों में इस्तेमाल होने वाले मसालों, मैरिनेशन और अलग-अलग ग्रिलिंग तकनीकों के बारे में भी जान सकते हैं। आयोजकों के मुताबिक, इस फेस्टिवल का उद्देश्य एशिया की विविध पाक-संस्कृतियों को एक जगह पर प्रस्तुत करना और मेहमानों को स्वाद, सुगंध और लाइव कुकिंग का यादगार अनुभव देना है। पारंपरिक और आधुनिक एशियन फ्लेवर का यह संगम फूड प्रेमियों के लिए खास आकर्षण बना हुआ है।

**टीएनएफ टुडे** मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के लिए **धीरज शर्मा** द्वारा श्रीराम मार्केट फूलपुर अड्डा, देवरी रोड, फतेहाबाद आगरा से प्रकाशित एवं मुद्रक पवन पाठक द्वारा इम्प्रैशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड गुरू का ताल सिकंदरा रोड आगरा से मुद्रित।

**संपादकः धीरज शर्मा**, फोनः 9412359817, E mail: tnftoday.com@gmail.com वेबसाइटः www.tnftoday.com

पंजीयन नं. UPHIN/25/A3702 (संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।)

## सम्पादकीय

# मोदी-पुतिन और शी, ट्रंप की बेचैनी

मोदी की कूटनीति का मूल मंत्र साफ दिखाई देता है कि जहां भारत का हित, वहीं भारत का हाथ। अगले कुछ सप्ताह में ताशकंद, बिश्केक और नई दिल्ली के मंच शायद यही साबित कर दें कि बदलती विश्व व्यवस्था में भारत अपनी शर्तों पर चाल चलने वाला निर्णायक खिलाड़ी है। भारत, रूस और चीन के बीच मतभेद मौजूद हैं, विशेषकर भारत-चीन संबंधों में। इसलिए इसे किसी स्थायी त्रिपक्षीय गठबंधन के रूप में देखना जल्दबाजी होगी। मगर बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था, वैश्विक शासन सुधार, ग्लोबल साउथ की आवाज, ऊर्जा सुरक्षा और वैकल्पिक आर्थिक संस्थाओं के सवाल पर तीनों देशों की बातचीत का प्रभाव अमेरिका और पश्चिमी शक्तियों तक जरूर पहुंचेगा। मोदी की उज्बेकिस्तान से बिश्केक और फिर नई दिल्ली तक फैली यह कूटनीतिक श्रृंखला एक बड़े संदेश का निर्माण करती है। संदेश यह है कि भारत अब मध्य एशिया में अपनी पहुंच बढ़ा रहा है, रूस के साथ पुराने रणनीतिक संबंधों को नए आर्थिक आधार दे रहा है, चीन के साथ प्रतिस्पर्धा और संवाद, दोनों को एक साथ साध रहा है और ब्रिक्स जैसे मंचों के जरिए ग्लोबल साउथ की राजनीति को नई दिशा देने की कोशिश कर रहा है। वॉशिंगटन के लिए संदेश इसलिए असहज हो सकता है, क्योंकि दबाव, टैरिफ और 7जी रणनीतिक ध्रुवीकरण की राजनीति भारत को किसी खेमे में बांधने की गारंटी नहीं देती। भारतीय विदेश मंत्रालय ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एससीओ शिखर सम्मेलन में शिरकत करने की पुष्टि करते हुए उनके उज्बेकिस्तान और किर्गिस्तान दौरे के कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी जिसके बाद पूरी दुनिया में हलचल-सी मच गयी है। हलचल इसलिए मची है क्योंकि जब भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग एक बार फिर एक साथ दिखाई देंगे, तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सीने पर पिछले साल की तरह फिर से सांप लोट सकते हैं। पिछली बार चीन के तियानजिन में एससीओ मंच पर इन तीन नेताओं की तस्वीर ने अमेरिकी रणनीतिक हलकों में बेचैनी बढ़ा दी थी। तब पूर्व अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन ने ट्रंप की टैरिफ नीतियों को भारत-अमेरिका रिश्तों को दशकों पीछे धकेलने वाला कदम बताया था और कहा था कि ऐसी नीतियों ने मोदी को पुतिन और शी के और करीब पहुंचा दिया। अब दृश्य और बड़ा है। पहले मध्य एशिया, फिर नई दिल्ली यानि पहले एससीओ और उसके तुरंत बाद ब्रिक्स। संदेश साफ है कि भारत किसी की रणनीतिक जागीर नहीं है।उज्बेकिस्तान इस रणनीति का अहम केंद्र है। मोदी की प्रस्तावित ताशकंद यात्रा व्यापार, रक्षा, निवेश, कनेक्टिविटी, डिजिटल तकनीक, ऊर्जा और महत्वपूर्ण खनिजों जैसे क्षेत्रों में सहयोग को नई गति दे सकती है। पिछले पांच वर्षों में भारत-उज्बेकिस्तान व्यापार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और द्विपक्षीय कारोबार लगभग 1.3 अरब डॉलर तक पहुंचने का उल्लेख किया गया है। भारत का निवेश फार्मास्यूटिकल्स, स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में फैला है, जबकि भारतीय विश्वविद्यालय भी उज्बेकिस्तान में अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुके हैं। लेकिन इस यात्रा की असली ताकत केवल व्यापार के आंकड़ों में नहीं है। उज्बेकिस्तान भारत की मध्य एशिया रणनीति का महत्वपूर्ण प्रवेश द्वार है। पाकिस्तान द्वारा भूमि मार्ग अवरुद्ध रखने के कारण भारत के सामने संपर्क का प्रश्न लंबे समय से चुनौती बना हुआ है। यही वजह है कि अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा यानि आईएनएसटीसी और चाबहार बंदरगाह भारत के लिए सामरिक महत्व रखते हैं। ईरान और पश्चिम एशिया की मौजूदा अस्थिरता ने इन परियोजनाओं की राह कठिन जरूर बनाई है, लेकिन भारत के लिए विकल्प तलाशना अब मजबूरी नहीं, रणनीतिक आवश्यकता है।

# मराठी अस्मिताबोध की नई अभिव्यक्ति

कम ही लोग स्वीकार करेंगे, लेकिन राज्यों के पुनर्गठन के लिए बनाए गए फजलुर्रहमान आयोग की रिपोर्ट ही भाषायी उपराष्ट्रीयता को बढ़ावा देने वाली रही। आयोग ने भाषा के आधार पर राज्यों के पुनर्गठन की सिफारिश की थी। इसी के नजीतन भारतीय उपराष्ट्रीयताओं को अपनी भाषाओं के बहाने अपना वर्चस्व साबित करने का आधार मिल गया। इसी वजह से आए दिन राज्यों में अपनी भाषाओं को लेकर अस्मिताबोध जागता रहता है। इस बोध के निशाने पर अक्सर हिंदीभाषी ही रहते हैं। महाराष्ट्र सरकार में शामिल एकनाथ शिंदे की शिवसेना के मूल में भी मराठी उपराष्ट्रीयता और अस्मिताबोध रहा है। इस अस्मिताबोध को शिवसेना संस्थापक बाला साहब ठाकरे ने पहली अभिव्यक्ति 1960 के दशक में मुंबई में मलयाली भाषा-भाषियों के खिलाफ आंदोलन के जरिए दी और बाद के दिनों में उनके भतीजे राज ठाकरे तो इस अस्मिताबोध के दबंग पैरोकार बनकर उभरे। केंद्र सरकार और बैंकों आदि की नौकरियों के लिए परीक्षा देने मुंबई-नासिक आदि पहुंचे हिंदीभाषी छात्रों को बाकायदा पीटकर इस भाषा बोध को राज ठाकरे के कथित सैनिक दिखाते रहे। वे भूल गए कि बंग-भंग के खिलाफ आंदोलन के दौरान 1905 में मराठी मानुष के पूज्य पुरूष बाल गंगाधर तिलक ने वाराणसी की यात्रा की थी। इस दौरान ह्यकाशी नागरी प्रचारिणी सभाह्व में दिए एक व्याख्यान में उन्होंने पुरजोर तरीके से ह्यहिंदी को भारत की राष्ट्रभाषा ह्य घोषित किया था। मराठी अस्मिताबोध के शोर में तिलक की यह आवाज अक्सर खोती रही है। एक खतरा यह भी है कि मराठी के कामचलाऊ ज्ञान की शर्त राज्य के दूसरे धंधे में काम कर रहे लोगों पर भी बाद में लागू हो सकती है। चूंकि उपराष्ट्रीयता वाले इलाकों में अपनी भाषा और संस्कृति का मसला लोगों के मर्म को छूता है, इसलिए राजनीति अक्सर इसे उभारने की कोशिश करती है। मौका देखकर आने वाले दिनों में राज्य में कार्यरत निर्माण मजदूरों आदि पर भी यह शर्त थोपी जा सकती है। इससे निश्चित तौर पर प्रवासी हिंदीभाषियों के लिए संकट पैदा होगा, उससे पलायन भी बढ़ सकता है। जिसकी कीमत राज्य की अर्थव्यवस्था और उद्योग को भी चुकानी पड़ सकती है। इसलिए जरूरी है कि इस मसले पर सर्वमान्य और सर्वस्वीकार्य रास्ता तलाशा जाए। नियमों को बेड़ी नहीं, लोक का सहयोगी होना चाहिए। इस नजरिए से भी इस बारे में विचार होना चाहिए। आखिर में इस भाषा विवाद का एक सिरा देवेंद्र फड़णवीस के राजनीतिक करीयर से भी जुड़ता है। भारतीय जनता पार्टी का एक वर्ग उनमें राष्ट्रीय राजनीति की संभावना देखता है। महाराष्ट्र तक तो उनका मराठी अस्मिताबोध स्वीकार्य हो सकता है, लेकिन जब वे राष्ट्रीय राजनीति में सफल होने की कोशिश करेंगे, अपनी भाषा बोध के बहाने हिंदीभाषियों का विरोध उनकी राह की बाधा बन सकता है।

-अनाम

# नेपाल त्रासदी... कहीं चीन की कोई चाल तो नहीं!

"भयंकर आपदा के पीछे के कारणों को खोजती और भविष्य में ऐसे खतरों से भारत को सावधान करती एक विस्तृत रिपोर्ट। नेपाल त्रासदी के पीछे के कारण वहां की सरकार खोजे या ना खोजे लेकिन भारत की सरकार को उन कारणों को खोज निकालना चाहिए। ताकि भारत के हितों को सुरक्षित और संरक्षित किया जा सके। पहाड़ों की तलहटी में चलने वाली चीन की अनैतिक गतिविधियों पर पैनी नजर रखकर उनका विरोध भी वैश्विक राजनीति के तहत विश्वमंचों पर करना चाहिए।




पवन शाक्य

नेपाल में आई भयंकर महाविनाशकारी त्रासदी हर किसी के अंतर्मन को झकझोर कर रख देने वाली घटना है। महाविनाशलीला के पहले एपिसोड के बाद नेपाल में जो बचा है। उससे भारत ही नहीं तमाम आसपास के देशों को सोचने और सीखने की जरूरत है। जिन परिस्थियों में यह भयावह विनाशलीला हुई, उससे तो अनगिनत सवाल खड़े हो गये हैं।

वैसे आपकी जानकारी के लिए बता दूं कि भारत ठीक ऐसी ही प्रलयंकारी महाविनाशलीला वर्ष 2013 में केदारनाथ में देख चुका है। तब कई हजार लोगों की जानें चली गई थीं। उसके बाद बवार्दी के जो निशां बचे उन्हें मिटाने में कई वर्षों का लंबा समय लगा और धन भी बेहिसाब तरीके से बहाना पड़ा। उस घटना के पीछे के कारणों को भारत सरकार ने कितना खोजा और कितना नहीं खोजा, यह तो नहीं जानते परंतु इतना जरूर अपील करना चाहता हूं कि भारत की सरकार को नेपाल की इस त्रासदी से सबक जरूर लेना चाहिए। अच्छी तरह सावधान हो जाना चाहिए। हो सकता है ऐसी विनाशकारी आपदा अगले बार भारत में दस्तक दे। इसलिए चालबाज चीन की करतूतों को ध्यान में रखते हुए नेपाल त्रासदी की अच्छे से पड़ताल करा लेनी चाहिए। असम में ब्रह्मपुत्र नदी के आसपास का इलाका वैसे भी चीन के निशाने पर रहता है।

दुनिया के तमाम देश अपने-अपने देश के हित में निर्माण कार्य अथवा संयंत्रों की स्थापना करते हैं। चीजों को बनाते भी हैं और बिगाड़ते भी हैं। परंतु वे इस बात का ख्याल नहीं रखते कि इससे उनके पड़ोसी देशों पर कैसा असर पड़ेगा। खासकर भारत के पड़ोसी देश चीन, पाकिस्तान, बांग्लादेश तो बिल्कुल भी नहीं। भारत की दिन पर दिन बढ़ती साख इन तीनों देशों की आंखों में खटकती है। वैश्विक प्रतिस्पर्धा के चलते चीन अपने हर हथकंडे को चोरी छिपे अंजाम देता रहता है। विस्तारवादी सोच रखने वाला चीन अजगर की तरह काम करता है। किसी भी भौगोलिक क्षेत्र को हड़पने अथवा किसी देश को अपने अधीन करने के लिए सुनियोजित तरीके से पहले उसकी घेराबंदी करता है। बाद में उस पर अपने अंदाज में हमला भी कर देता है। भारत के साथ अब तक उसने जितनी भी करतूतें कीं, भारत सरकार ने सबको ट्रेस कर लिया है। भारत ने भी अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए उनका जवाब तलाश रखा है।

चीन के आसपास के विभिन्न देशों पर नजर डालें तो उसने अपनी बुरी नजर से किसी को भी नहीं छोड़ा। पाकिस्तान, अफगानिस्तान, ताइवान, भारत, नेपाल, तिब्बत, भूटान, बांग्लादेश, श्रीलंका, म्यांमार आदि आप जितने भी नाम लेंगे, सभी के साथ कुछ न कुछ उसने षड्यंत्र रचे हैं अथवा रच रहा है। वर्ष 2019 में चीन के बुहान शहर से फैलने वाला कोरोना वायरस तो पूरी दुनिया के लिए मुसीबत बन गया था। खुद चीन भी उससे अछूता नहीं रहा। कोरोना वायरस के लिए दुनिया के तमाम देशों ने चीन को दोषी ठहराया, मगर बहुत ऐसे देश भी रहे, जिन्होंने बड़ी संख्या में जनहानि उठाने के बाद भी चीन का समर्थन किया और उसके साथ खड़े रहे।

आज उसी चीन के सामने नेपाल त्रासदी नाम का नया सवाल खड़ा हो गया है। भले ही इस सवाल से किसी पर फर्क पड़े अथवा नहीं, मगर भारत पर इसका फर्क जरूर पड़ेगा। मैं आपको अवगत कराना चाहता हूं कि नेपाल में इस बार की भीषण त्रासदी कोई बाढ़ नहीं, बल्कि ग्लेशियर टूटने से अचानक आई बाढ़ है। सिलसिलेबार तरीके से देखें तो 26 अगस्त की सुबह तिब्बत, चीन, नेपाल सीमा पर एक बड़ा ग्लेशियर टूट गया। इसरो और यूएस जियोलाजिकल सर्वे के अनुसार इससे भूकंप जैसी हलचल हुई। उसी दिन सुबह 8:37 बजे नेपाल-चीन सीमा के पास 5.2 तीव्रता का भूकंप भी दर्ज किया गया। ग्लेशियर के मलबे ने भोटे कोशी और त्रिशूली नदियों का रास्ता रोक दिया। इसके बाद मलबे से बनी अस्थायी झील का बांध फट गया और सुबह 9 बजे के आसपास भोटे कोशी नदी में 40 किमी तक तबाही मचाते हुए जल-प्रलय आया। रसुवा जिले के तिमुरे, स्याफ्रुबेसी में घर, पुल, हाइड्रो-पावर प्रोजेक्ट और गाड़ियां बह गईं। अब तक करीब 550 से ज्यादा मौतों की पुष्टि और 1000 से 1500 लोग लापता बताए जा रहे हैं। इनमें भारत सहित तमाम दूसरे देशों के लोग भी शामिल हैं।

इस सबके बाद एक अगला खतरा और बताया गया है। छोटेन खोला और पुरेपु त्सांगपो नदियों के संगम पर भूस्खलन से 20 लाख घन मीटर पानी की एक और विशाल बैरियर झील बन गई है। चीन के जल संसाधन मंत्रालय ने किसी भी पल इसके टूटने का हाई अलर्ट जारी किया है।

अब यहां सवाल उठता है कि आखिर ग्लेशियर क्यों टूटा, और क्यों इतनी बड़ी जल त्रासदी नेपाल में आई। इसके जवाब में कोई कुछ भी तर्क दे सकता है। कोई कहता है कि हिमालय दुनिया के औसत से कहीं तेजी से गर्म हो रहा है। इस कारण यहां जब बर्फ जमती ही नहीं, तो ग्लेशियर खाली चट्टान की तरह धूप में पिघलता है। इससे 1977 में नेपाल में 606 ग्लेशियल झीलें थीं, 2017 तक 1,541 हो गईं। ये झीलें कंक्रीट से नहीं, बर्फ-मिट्टी-पत्थर के कमजोर मोरेन बांध से रुकी होती हैं। थोड़ा सा भूस्खलन या दबाव बढ़ा और ये टूट जाती हैं। कोई यह भी कहता है कि तिब्बत-हिमालय में अब गर्मियों में बर्फ की जगह बारिश हो रही है। बारिश जमती नहीं, बल्कि जमी हुई बर्फ को भी धो देती है, जिससे ग्लेशियर और कमजोर हो जाता है। अब कहने को तो कोई कुछ भी कह दे। परंतु हम आंख मूंदकर उनके तर्क को स्वीकार नहीं कर सकते। चीन के पिछले इतिहास को देखते हुए वह भरोसे के लायक नहीं रहा। नेपाल त्रासदी के मूल में जो ग्लेशियर टूटने की बात सामने आई है वो प्राकृतिक कदापि नहीं हो सकती। भले ही इसरो, नासा और अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट कुछ भी कहती रहे।

चीन पर शक की सबसे बड़ी वजह है भोटे कोशी घाटी में उसके कई हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट। ग्लेशियर के पास सड़क, सुरंग निर्माण इस हादसे का सबसे बड़ा कारण बना है। जिसे चीन ने एक षड्यंत्र के तहत अंजाम दिया है। आपको बता दें कि भारत को पछाड़ने की मंशा पाल कर ?खने वाला चीन गुपचुप तरीके से हिमालय पर्वत को अंदर ही अंदर खोखला करने में लगा रहता है। वहां उसने तमाम प्रोजेक्ट स्थापित कर रखे हैं। वह भारतीय सेना की पकड़ को कमजोर करने और अपनी सेना की पकड़ को मजबूत बनाने के लिए बड़ी मात्रा में अनैतिक कार्यों को करता रहता है। हिमालय का खोखलापन कल को किसी और ग्लेशियर को गिरा सकता है। ये बात वैज्ञानिक भी खुलकर बोल रहे हैं। घाटी में जहाँ चीन के डैम, मलबा डंपिंग यार्ड और सड़कें थीं, वहाँ उन निमार्णों ने बाढ़ के साथ और मलबा जोड़ दिया। इस पर खुद नेपाली वैज्ञानिक सवाल उठा रहे हैं। इस पर चीन की भूमिका की जांच होनी चाहिए। जो बार-बार गलती करे या सच छुपाए, उसका विश्वास खो जाता है। इसी लिए कहता हूं कि चीन भरोसे के लायक नहीं है। नेपाल त्रासदी के पीछे चीन का ही हाथ है।

वर्ष 2013 में केदारनाथ में हुई जल प्रलय के पीछे भी चीन ही था। हालांकि तब भारत सरकार ने क्या जांचा और क्या नहीं। लेकिन अब समय आ गया है कि भारत को पूरी तरह सावधान हो जाना चाहिए। नेपाल की सरकार भले वहां की त्रासदी के पीछे के कारणों की जांच करे या न करे। लेकिन भारत को नेपाल त्रासदी की पूरी सटीकता के साथ जांच करनी चाहिए। ताकि पता चले कि त्रासदी प्राकृतिक थी अथवा चीन निर्मित। इसके अलावा भारतीय सीमा से सटे इलाकों में चीन अगर कोई अवैध गतिविधि करता है। तो उसका विरोध कूटनीतिक तरीकों से अंतरराष्ट्रीय मंचों पर करना चाहिए।

# छिपकलियों, कॉकरोचों और मेंढकों को भी समझना होगा: मौजूदा निजाम की निरंतरता क्यों जरूरी है

बृज खंडेलवाल द्वारा

किसी भी मुल्क की सियासत में बदलाव जरूरी है, लेकिन हर बदलाव बेहतर हो, यह जरूरी नहीं। कभी-कभी जो व्यवस्था मुश्किलों के बावजूद स्थिर हो गई हो, उसे अचानक बदलना खुद एक बड़ा जोखिम बन जाता है। भारत के लिए 2014 के बाद का दौर इसी सवाल को बार बार उठाता है। क्या निरंतरता को सिर्फ इसलिए छोड़ दिया जाए कि बदलाव आकर्षक लगता है? 2014 के बाद भारत के राजनीतिक सफर की सबसे बड़ी खूबी सियासी स्थिरता रही है। सरकारें अपना कार्यकाल पूरा कर रही हैं और नीतियों को समय मिल रहा है। पहले की तरह बार-बार सत्ता बदलने और नीतियों के पलटने की बेचैनी अपेक्षाकृत कम हुई है।

निरंतरता का सबसे बड़ा फायदा यह है कि किसी नीति को नतीजा देने का मौका मिलता है। हर नई सरकार अगर पुरानी लकीर मिटाकर नई लकीर खींचे, तो देश आगे बढ़ने के बजाय फाइलों में ही उलझा रहेगा। भारत जैसे विशाल और विविध देश में केंद्र और राज्यों के रिश्ते बेहद अहम हैं। पिछले बारह वर्षों में विपक्षी दलों की सरकार वाले राज्यों के साथ केंद्र के रिश्तों को लेकर बहस और आरोप जरूर हुए हैं, लेकिन राष्ट्रपति शासन को सामान्य राजनीतिक हथियार बनाने की कोई परंपरा नहीं बनी। संवैधानिक संस्थाओं ने भी अपनी भूमिका निभाई है। संसद, अदालतें, चुनाव व्यवस्था और पंचायतों से लेकर राज्यों तक लोकतांत्रिक संस्थाएं लगातार काम करती रही हैं। असहमति भी रही, विरोध भी हुआ और सड़कों पर आंदोलन भी हुए। मगर लोकतंत्र का पहिया चलता रहा।

यही किसी लोकतंत्र की असली परीक्षा है। सरकार से सहमत होना लोकतंत्र नहीं है। असहमति के बावजूद व्यवस्था का चलते रहना लोकतंत्र है। पिछले बारह साल फूलों की सेज नहीं रहे। आतंकवादी हमले हुए, नागरिक आंदोलनों ने सरकार को चुनौती दी और विपक्ष ने कई मुद्दों पर तीखा विरोध किया। संसद में भी खूब हंगामा हुआ और सियासी बयानबाजी ने कई बार मयार्दा की सीमा छुई। फिर भी व्यवस्था बिखरी नहीं। विरोध अपनी जगह रहा और शासन अपनी जगह। आंदोलन हुए, लेकिन देश चलता रहा। यही सिस्टम की सहनशक्ति है। लोकतंत्र कोई ऐसा पंखा नहीं है जिसे स्विच दबाते ही चलना शुरू कर दें। इसे चलाए रखने के लिए संस्थाओं, परंपराओं और जनता के भरोसे की जरूरत होती है।

अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी भारत की हैसियत बदली है। इ१ंल्ला क्ल्लिं को लेकर आत्मविश्वास बढ़ा है। विदेशों में बसे भारतीयों ने स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं और समाजों में



अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराई है। बड़ी ताकतों के दबाव के बीच भारत ने अपने हितों को प्राथमिकता देने की कोशिश की है। अमेरिका हो, रूस हो या कोई और ताकत; नई दुनिया में भारत ने किसी एक खेमे का पिछलग्गू बनने के बजाय अपने विकल्प खुले रखने की नीति अपनाई है। बहुध्रुवीय दुनिया में यही रणनीतिक स्वायत्तता है। कभी दोस्ती, कभी दूरी और कभी दो टूक बात; कूटनीति में यही तो हुनर है।

अर्थव्यवस्था में चुनौतियां कम नहीं हैं। निर्यात पर दबाव है, वैश्विक बाजार अनिश्चित है और रोजगार से लेकर महंगाई तक कई सवाल हैं। फिर भी भारतीय अर्थव्यवस्था ने झटकों को झेलने की क्षमता दिखाई है।

कारोबार को आसान बनाने, उद्यमिता को बढ़ावा देने और नए कारोबारियों को अवसर देने की कोशिशों के नतीजे दिखाई देने लगे हैं। करोड़ों युवाओं की महत्वाकांक्षाएं भी अब नौकरी से आगे बढ़कर कारोबार और स्टार्टअप की ओर देख रही हैं। अर्थव्यवस्था को सबसे ज्यादा जरूरत होती है भरोसे और स्थिर माहौल की। कारोबारी यह नहीं चाहते कि आज बनाई गई नीति कल किसी नए राजनीतिक प्रयोग के साथ कूड़ेदान में चली जाए।


इसका मतलब यह नहीं कि सब कुछ ठीक है। मौजूदा व्यवस्था को बनाए रखने की बात का अर्थ यह कतई नहीं कि सरकार से सवाल न पूछे जाएं। लोकतंत्र में आलोचना जरूरी है। गलत नीतियों पर सवाल उठना चाहिए और जहां सुधार की जरूरत हो, वहां सुधार होना चाहिए। सरकार कोई दूध की धुली संस्था नहीं होती। सत्ता में रहते हुए गलतियां भी होती हैं और फैसलों पर बहस भी होनी चाहिए। मगर आलोचना और अराजकता में फर्क है। देश को मजबूत विपक्ष भी चाहिए और जवाबदेह सरकार भी। लेकिन सिर्फ सरकार बदलने के लिए सरकार बदलना कोई नीति नहीं हो सकती। सियासत में कुछ लोग हर पांच साल बाद नई बोतल में पुरानी शराब बेचने निकल पड़ते हैं। कोई कहता है सब बदल दो, कोई कहता है पूरा सिस्टम उलट दो। छिपकलियां दीवार पर चढ़ती-उतरती रहें, कॉकरोच इधर-उधर भागते रहें और मेंढक तालाब में टरार्ते रहें; देश को आखिर आगे तो बढ़ना है। बदलाव लोकतंत्र की खूबसूरती है, लेकिन बदलाव अपने आप में उपलब्धि नहीं है। सवाल यह होना चाहिए कि बदलाव से देश मजबूत होगा या कमजोर। बारह साल में कोई व्यवस्था परिपूर्ण नहीं हो जाती। लेकिन अगर संस्थाएं काम कर रही हों, चुनाव हो रहे हों, सत्ता संवैधानिक दायरे में चल रही हो, अर्थव्यवस्था झटके झेल रही हो और दुनिया में भारत की आवाज पहले से ज्यादा सुनी जा रही हो, तो अचानक सब कुछ दांव पर लगाने की जरूरत क्या है? मौजूदा निजाम को जारी रखने का तर्क किसी पार्टी के प्रति अंधभक्ति नहीं, बल्कि व्यावहारिक सोच का सवाल है। निरंतरता का अर्थ यह नहीं कि सरकार को खुली छूट दे दी जाए। इसका अर्थ है: जो अच्छा हुआ है, उसे आगे बढ़ाया जाए; जो गलत है, उसे सुधारा जाए। देश बनाना कोई पांच साल का प्रोजेक्ट नहीं। यह पीढ़ियों का काम है। संस्थाएं और नीतियां बनने में साल लगते हैं, लेकिन उन्हें बिगाड़ने में ज्यादा वक्त नहीं लगता। इसलिए सवाल सिर्फ यह नहीं कि कौन आएगा? सवाल यह भी है कि जो व्यवस्था बनी है, उसे कौन संभालेगा? भारत को प्रयोगशाला बनाने से पहले यह देखना होगा कि प्रयोग की कीमत कौन चुकाएगा। स्थिरता को बचाना जड़ता नहीं है। कभी-कभी यही सबसे समझदार बदलाव होता है; बिना व्यवस्था बदले, व्यवस्था को बेहतर बनाना।

## सितारों की चाल: आपका भविष्यफल

दिनांक 31 अगस्त 2026 सोमवार

**कल का दिन कैसा होगा? इसकी तैयारी आज ही करें!**

प्रिय पाठकों, TNF टुडे हमेशा आपकी सुविधा को सर्वोपरि रखता है। इसी उद्देश्य से हम आपको एक दिन अग्रिम (Advance) राशिफल प्रदान कर रहे हैं ताकि आप अपने महत्वपूर्ण कार्यों, बैठकों और यात्राओं की योजना आज रात ही बना सकें। सितारों की चाल जानकर संभावित चुनौतियों के प्रति पहले से सजग रहना ही सफलता की पहली सीढ़ी है।



मार्गदर्शन: आचार्य दीदी
डॉ. सरस्वती देवकृष्ण गौड़
(एस्ट्रो वास्तु शोधनम)
मो. 9119336673

### शुभकार्य हेतु आज का चंद्रबल

आज मेष कर्क तुला वृश्चिक मकर और मीन राशि के जातकों का मानसिक मनोबल आध्यात्मिक प्रभाव और भाग्य का संबल अत्यंत उत्तम रहेगा। सोमवार का दिन देवाधिदेव महादेव भगवान शिव तथा मन के कारक चंद्र देव की उपासना के लिए परम पवित्र और अक्षय फलदायी माना जाता है। आज के दिन शिवलिंग पर दूध और जल अर्पित करने तथा ॐ नमः शिवाय मंत्र का जाप करने से जीवन की समस्त मानसिक चिंताएं दूर होती हैं और असीम सुख शांति तथा मनोवांछित फल प्राप्त होता है।

### मेष

आज आपके सोचे हुए कार्य समय पर पूरे होंगे और मानसिक शांति बनी रहेगी। व्यावसायिक क्षेत्र में आपको नए अनुबंध प्राप्त हो सकते हैं जो भविष्य में बड़ा लाभ देंगे। भगवान शिव को बेलपत्र अर्पित करें जिससे आपके सभी वित्तीय मार्ग प्रशस्त होंगे।

### वृष

आज पारिवारिक मामलों में थोड़ा संयम से काम लें और वाणी पर नियंत्रण रखें। धन का निवेश सोच समझकर करें और अनुभवी लोगों की सलाह अवश्य लें। शिवलिंग पर कच्चा दूध चढ़ाएं जिससे आपके घर में शांति और समृद्धि बनी रहेगी।

### मिथुन

आज आपकी बौद्धिक क्षमता और कार्य कुशलता की हर जगह प्रशंसा होगी। पुराने रुके हुए काम पूरे होने से मन में अपार प्रसन्नता रहेगी। जरूरतमंद व्यक्ति को सफेद वस्त्र दान करें जिससे आपके यश और कीर्ति में वृद्धि होगी।

### कर्क

आज आपकी राशि के स्वामी चंद्र देव की शुभ दृष्टि से मन शांत और प्रसन्न रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को सुखद परिणाम प्राप्त होंगे। बहते जल में थोड़ा सा अक्षत प्रवाहित करें जिससे आपके जीवन में निरंतर प्रगति होगी।




### सिंह

आज कार्यक्षेत्र में अधिक परिश्रम करना पड़ सकता है परंतु उसका परिणाम बहुत अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें और दिनचर्या में योग को शामिल करें। सूर्य देव को जल अर्पित करें जिससे आपका आत्मबल मजबूत होगा।

### कन्या

आज व्यापार में उन्नति के नए मार्ग खुलेंगे और संचित धन में वृद्धि होगी। सहकर्मियों के सहयोग से लंबित योजनाएं सफलतापूर्वक संपन्न होंगी। किसी धार्मिक स्थल पर मिश्री का दान करें जिससे आपके कष्ट समाप्त होंगे।

### तुला

आज कला और साहित्य के क्षेत्र से जुड़े लोगों को मान सम्मान प्राप्त होगा। जीवनसाथी का पूर्ण सहयोग मिलेगा जिससे रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। मां पार्वती की पूजा करें जिससे घर में अखंड सुख और सौभाग्य बना रहेगा।

### वृश्चिक

आज आपका पराक्रम चरम पर रहेगा जिससे आप अपने विरोधियों पर विजय प्राप्त करेंगे। संपत्ति से जुड़ा कोई पुराना विवाद हल हो सकता है। हनुमान जी के सम्मुख चमेली के तेल का दीपक जलाएं जिससे आपकी सभी बाधाएं समाप्त होंगी।

### धनु

आज धार्मिक गतिविधियों में आपकी गहरी रुचि रहेगी और परिवार के साथ किसी यात्रा का विचार बन सकता है। व्यापार में साझेदारी से अच्छा लाभ होगा। मस्तक पर चंदन का तिलक लगाएं जिससे आपकी निर्णय क्षमता बेहतर होगी।

### मकर

आज नौकरीपेशा लोगों को उच्च अधिकारियों का सहयोग मिलेगा और पदोन्नति के योग बनेंगे। स्वास्थ्य में सुधार आएगा जिससे मन प्रफुल्लित रहेगा। शिव चालीसा का पाठ करें जिससे करियर में आ रही रुकावटें दूर होंगी।

### कुंभ

आज लेन देन से जुड़े मामलों में पूरी सावधानी बरतें और अनजान लोगों पर भरोसा न करें। शाम के समय दोस्तों के साथ समय बिताने से तनाव कम होगा। पक्षियों को दाना डालें जिससे आपकी मानसिक चिंताएं दूर होंगी।

### मीन

आज आर्थिक स्थिति पहले से अधिक सुदृढ़ होगी और रुका हुआ धन वापस मिलेगा। अध्ययन और शोध क्षेत्र से जुड़े लोगों को बड़ी उपलब्धि हासिल होगी। गाय को हरा चारा खिलाएं जिससे आपके घर में शांति और संपन्नता बनी रहेगी।

### आज का वास्तु शोधनम सूत्र

शुक्रवार के दिन भवन के ईशान कोण अथवा मुख्य द्वार को स्वच्छ रखकर वहां गुलाब जल मिश्रित जल का छिड़काव करने तथा देसी घी का दीपक प्रज्वलित करने से घर की नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है तथा महालक्ष्मी की कृपा से घर में अखंड धन धान्य और सुख शांति का स्थायी वास होता है।

# ब्रज की स्वच्छता और विरासत का संदेश जन-जन तक पहुंचाएंगे इंफ्लुएंसर्स

- ब्रज वैभव अभियान के लिए इंफ्लुएंसर्स के साथ नगर आयुक्त ने की बैठक
- गंदगी की फोटो भेजिए, दो घंटे में सफाई का प्रयास करेगा नगर निगम



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

ब्रज वैभव अभियान को जन-जन से जोड़ने और मथुरा में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए नगर निगम अब सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स की मदद लेगा। नगर निगम सभागार में शुक्रवार को नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने शहर के 50 से अधिक सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स के साथ बैठक कर अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

नगर आयुक्त ने कहा कि सोशल मीडिया की पहुंच आज बड़ी संख्या में लोगों तक है। इंफ्लुएंसर्स इस माध्यम का सकारात्मक उपयोग करते हुए स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और ब्रज की संस्कृति एवं विरासत को बचाने का संदेश प्रभावी ढंग से लोगों तक पहुंचा सकते हैं। इस दौरान हार्टफुलनेस फाउंडेशन के कोऑर्डिनेटर निशांत शर्मा ने ब्रज वैभव अभियान के तहत चल रहे कार्यों की जानकारी दी।बताया कि फाउंडेशन ब्रज के 12 कुंडों के सौंदर्यीकरण और वॉटर ट्रीटमेंट तथा गोवर्धन पर्वत पर रेन गन लगाने का कार्य करने जा रहा है। प्रोजेक्ट मथुरा के विपुल अग्रवाल ने आगामी जन्माष्टमी पर्व को देखते हुए आयोजित होने वाले भंडारों को व्यवस्थित एवं स्वच्छ तरीके से संचालित करने के लिए एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) तैयार करने का सुझाव दिया।

**गंदगी की फोटो भेजें, दो घंटे में सफाई का प्रयास**

नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने बताया कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए जल्द ही सिंगल विंडो सिस्टम शुरू किया जाएगा। इसके माध्यम से किसी स्थान पर गंदगी दिखाई देने पर लोग उसकी फोटो साझा कर शिकायत दर्ज करा सकेंगे। शिकायत मिलने के बाद दो घंटे के भीतर सफाई कराने का प्रयास किया जाएगा।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को महापर्व समझ मुस्तैद रहें निगमकर्मी: ओजस्वी

## नगर निगम की समीक्षा बैठक में तैयारियों को अंतिम रूप

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



श्री कृष्ण जन्माष्टमी महापर्व-2026 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक में नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने कहा कि इस वर्ष जो भी नगर में प्रवेश करे, वह अपने मन में सुंदर एवं स्वस्थ्य भाव लेकर वापिस जाए। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी इसे महापर्व के रूप में लेकर चलें।

नगर आयुक्त शनिवार को निगम कार्यालय में अधीनस्थों के साथ व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे रहे थे। उन्होंने कहा कि इस बार का श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महापर्व यादगार रहना चाहिए। किसी भी कार्य में लापरवाही, अनावश्यक विलंब अथवा गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। नगर स्वास्थ्य अधिकारी, क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारियों एवं सभी सफाई निरीक्षकों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर भ्रमणशील रहकर प्रमुख मंदिरों, मंदिर मार्गों, परिक्रमा मार्ग एवं श्रद्धालुओं की अधिक आवाजाही वाले क्षेत्रों में विशेष सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करें। यह सुनिश्चित करें कि श्रद्धालुओं को कहीं भी गंदगी, कूड़े अथवा अव्यवस्था का सामना न करना पड़े।

प्रमुख मंदिरों एवं आसपास के क्षेत्रों में तीन शिफ्ट में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस वर्ष ह्लप्लास्टिक मुक्त भंडाराह्व की दिशा में विशेष प्रयास किए जाएं। उन्होंने कृष्ण लीला एवं भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं की थीम पर आधारित आकर्षक, रचनात्मक एवं उच्च गुणवत्ता वाली वॉल पेंटिंग का कार्य तत्काल प्रारंभ कराने तथा जिन स्थानों पर अभी वॉल पेंटिंग का कार्य शेष है, उसे शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। महाप्रबंधक (जल) को निर्देशित किया गया कि जन्माष्टमी पर्व के दौरान किसी भी क्षेत्र में जलभराव अथवा पेयजल पाइपलाइन लीकेज की समस्या उत्पन्न न हो।

**अधिकारियों को नियमित स्थलीय निरीक्षण के निर्देश**

नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने सभी अधिकारियों, सफाई निरीक्षकों एवं अभियंताओं को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र में नियमित स्थलीय निरीक्षण करते हुए कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति की स्वयं निगरानी करें।

## शातिर चोरी गैंग के चार सदस्यों को किया गिरफ्तार

**टीएनएफ टुडे, मथुरा।** गोविंद नगर थाना पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चोरी की नकदी, अवैध हथियार, कारतूस और फर्जी नंबर प्लेट लगे तीन वाहन बरामद हुए हैं। जबकि पुलिस कार्यवाही के दौरान एक आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। मसानी लिंक रोड के पास चेकिंग अभियान के दौरान चार शातिर चोरों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मुन्ना उर्फ हप्पी, समीर, रिजवान और नासिर के रूप में हुई है, जबकि उनका साथी शोएब मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 27 हजार 300 रुपये नकद, चोरी का पर्स, दो आधार कार्ड, एक 12 बोर पोनिया, एक 315 बोर तमंचा, छह जिंदा कारतूस, बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल, फर्जी नंबर प्लेट लगी होंडा सिटी कार और मैक्स पिकअप बरामद की है।

पूछताछ में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी पहले भी चोरी और अन्य गंभीर मामलों में जेल जा चुके हैं। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने बीएनएस और आर्म्स एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चारों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया है, जबकि फरार आरोपी की तलाश में दबिश दी जा रही है।



## फूलों के हिंडोले में विराजमान होकर राजाधिराज ने दिए अपने भक्तों को दर्शन

**मथुरा।** पुष्टिमार्ग संप्रदाय के मंदिर ठाकुर द्वारकाधीश के मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी (एडवोकेट) ने बताया कि मंदिर के सभी कार्यक्रमों का निर्धारण मंदिर के गोस्वामी श्री श्री 108 डॉ. वागीश कुमार जी महाराज (कांकरोली नरेश, तृतीय पीठ) के द्वारा किया जाता है। उसी परंपरा के तहत आज ठाकुर जी महाराज फूलों के हिंडोले में विराजमान हुए। पुष्टिमार्गीय परंपरा में ठाकुर जी को लाड़-लड़ाने के तहत घटा और हिंडोला में विराजमान कराया जाता है। यह क्रम पूरे सावन मास जारी रहेगा। कल सायंकाल 5 .10 बजे से 5 .40 बजे तक ठाकुर जी महाराज श्याम मखमल के हिंडोले मैं दर्शन देंगे।

## अग्रवाल सभा की बैठक रविवार को

**टीएनएफ टुडे, राया।** आगामी श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव-2026 के सफल आयोजन की रूपरेखा तैयार करने एवं आम सभा द्वारा निर्वाचित वर्तमान समिति का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर अग्रवाल सभा की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को आयोजित की जाएगी। महामंत्री पवन कुमार अग्रवाल ह्यसर्राफह्न ने बताया कि बैठक 30 अगस्त रविवार को शाम 8 बजे श्री श्याम लाल मदन लाल धर्मशाला, रेतिया बाजार, राया में आयोजित होगी। उन्होंने नगर के समस्त अग्र बंधुओं से समय से बैठक में पहुंचकर समाज हित के कार्यों में सहभागिता करने की अपील की। उन्होंने कहा कि अग्र समाज की परंपराओं के निर्वहन और समाज को नई ऊर्जा देने के लिए सभी की सहभागिता आवश्यक है। बैठक में श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव के आयोजन तथा नई कार्यकारिणी के गठन से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर होगी

## ठाकुर द्वारकाधीश मंदिर में फूलों के हिंडोले में विराजे राजाधिराज, भक्तों ने किए अलौकिक दर्शन

**मथुरा।** पुष्टिमार्ग संप्रदाय के प्रसिद्ध मंदिर ठाकुर द्वारकाधीश में सावन मास के पावन अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान और उत्सवों का दौर जारी है। इसी परंपरा के तहत आज भगवान राजाधिराज फूलों के भव्य हिंडोले में विराजमान होकर अपने भक्तों को दर्शन दिए, जिससे मंदिर परिसर श्श्रीकृष्ण के जयकारोंश से गूंज उठा। मंदिर के मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी (एडवोकेट) ने जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर के सभी धार्मिक कार्यक्रमों का निर्धारण मंदिर के गोस्वामी श्री श्री 108 डॉ. वागीश कुमार जी महाराज (कांकरोली नरेश, तृतीय पीठ) के निर्देशन में किया जाता है। पुष्टिमार्गीय परंपरा के अनुसार, ठाकुर जी को लाड़-लड़ाने और उनकी सेवा के तहत सावन मास में घटा और हिंडोले में विराजमान कराने का विधान है। यह मनोहारी क्रम पूरे सावन मास तक अनवरत जारी रहेगा। मंदिर प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, रविवार सायंकाल 5 :10 बजे से 5 :40 बजे तक ठाकुर जी महाराज श्याम मखमल के विशेष हिंडोले में सुसज्जित होकर भक्तों को अपने दिव्य दर्शन देंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

# ब्रज वैभव अभियान आध्यात्मिक विरासत को नई पीढ़ी से जोड़ने का प्रयास: शैलजाकांत मिश्र

## 'गीतोपदेश—'दय मम पश्यसि' कार्यक्रम में गीता के श्लोकों के माध्यम से अंतमुर्खी अनुभव पर जोर

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

ह्वब्रज वैभव अभियानह्ल के अंतर्गत हार्टफुलनेस जन्मभूमि आश्रम, मथुरा में दो दिवसीय आवासीय ह्वगीतोपदेश—हृदय मम पश्यसिह्ल कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों के अलावा पड़ोसी राज्यों से आए प्रतिभागियों ने सहभागिता की।



कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र ने ब्रज की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक महत्ता तथा श्रीमद्भगवद्गीता की कालजयी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उद्घाटन सत्र में ग्लोबल हार्टफुलनेस गाइड कमलेश डी. पटेल (दाजी) द्वारा लिखित पुस्तक का लोकार्पण भी किया गया। इस दौरान ब्रज वैभव अभियान के मथुरा समन्वयक निशांत शर्मा ने विभिन्न केंद्रों से आए प्रतिभागियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम का मार्गदर्शन हार्टफुलनेस गीतोपदेश टीम के ऋषि रंजन, गोरख पारुलकर, कृष्णा सचदेवा और रामकृष्ण द्विवेदी ने किया। वक्ताओं ने कहा कि ब्रज वैभव अभियान केवल ब्रज के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक वैभव को सामने लाने तक सीमित नहीं है, बल्कि भारतीय ज्ञान-परंपरा और आध्यात्मिक विरासत को नई पीढ़ी से जोड़ने का भी प्रयास है। इस दौरान अर्चना अष्टकार, रेखा अग्रवाल, शोभिता श्रीवास्तव, प्रियदर्शनी सक्सेना, बिमला देवी, सुरेंद्र शर्मा, विशाल शर्मा, एम.एस. सोलंकी, एस.एस. भारद्वाज, रंजीत, संजय और जे.पी. सिंह सहित अनेक गणमान्यजन एवं प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## पकड़ा गया बकरी चोर गैंग असलाह, नगदी एवं चौपहिया वाहन जब्त

**मथुरा।** एसएसपी के आदेशों के अनुपालन एवं पुलिस अधीक्षक नगर व सहायक पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी नगर के निर्देशन में चलाए जा रहे शातिर सक्रिय बकरी चोर गैंग में पांच लोगों को पकड़ने में स्थानीय पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने आज एक चोर को छोटा पर्स जिसमें नगद 27हजार तीन सौ रुपए, एक 12 बोर का तमंचा एक 315 बोर का तमंचा, जिंदा कारतूस एवं बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल, फर्जी नंबर प्लेट की कार एवं मैक्स जब्त की है। सीओ सिटी आशना चौधरी ने बताया कि चारों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। बरामद वाहनों और हथियारों के संबंध में भी जांच की जा रही है।

जानकारी के अनुसार राधापुरम बार्डर पर बैरियर लगाकर थाना गोविंद नगर पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान किया जा रहा था। शनिवार को प्रातः चार बजकर 20 मिनट पर मुन्ना उर्फ हप्पी पुत्र इकराम निवासी घीया मंडी भरतपुर गेट, रिजवान पुत्र जमेरी निवासी इस्लामिया इंटर कॉलेज, तीसरा समीर पुत्र चाँद निवासी घीया मंडी, चौथा नासिर पुत्र जाकिर निवासी मटिया गेट मेवाली मोहल्ला व शोएब पुत्र पप्पू निवासी पौपटा खारी कुआं भरतपुर गेट को नगद 27 हजार तीन सौ रुपए, एक अदद छोटा पर्स जिसमें चोरी किए गए दो आधार कार्ड, एक नाजायज पोनिया 12 बोर व दो जिंदा कारतूस 12 बोर का एक तमंचा 315 बोर चार जिंदा कारतूस 315 बोर, एक मोटरसाइकिल, बिना नंबर प्लेट, एक होंडा कार फर्जी नंबर प्लेट के साथ एक मैक्स पिकअप फर्जी नंबर प्लेट के साथ गिरफ्तार किए हैं। अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

## राजेंद्र और जयंत में बराबरी पर छूटी 31-31 हजार रुपये की कुश्ती

**चौमुहां।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव आझई खुर्द में शनिवार को कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। दंगल में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे। कार्यक्रम में बाल पहलवानों की कुश्तियों से मुकाबलों की शुरूआत हुई। पहलवानों ने दांव-पेच आजमाकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। इसके बाद विभिन्न भार वर्गों में पहलवानों के बीच रोमांचक मुकाबले हुए। दंगल में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता शोभाराम शर्मा और समाजसेवी कमल किशोर वार्ष्णेय मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। दोनों ने अपनी ओर से 31-31 हजार रुपये की इनामी कुश्ती कराई। यह मुकाबला बहज निवासी पहलवान राजेंद्र और करव निवासी जयंत के बीच हुआ। दोनों पहलवानों ने एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी। काफी देर तक चले रोमांचक मुकाबले में कोई भी पहलवान दूसरे को चित नहीं कर सका और कुश्ती बराबरी पर छूट गई।

# झुग्गी वाली गलियों में छाईं खुशियां, नन्हीं कलाईयों पर सजीं राखियां

- जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल नि:शुल्क शिक्षा केंद्र ने बच्चों के साथ मनाया रक्षाबंधन
- तिलक, राखी, मिठाई और नए वस्त्र पाकर खिल उठे बच्चों के चेहरे



टीएनएफ टुडे, मथुरा। किसी बच्चे की कलाई पर बंधी राखी सिर्फ धागा नहीं होती, वह रिश्ते, अपनत्व और खुशियों का एहसास होती है। लेकिन जब बचपन अभावों के बीच पल रहा हो, तब त्योहार की खुशियां भी कई बार उससे दूर रह जाती हैं। पन्ना पोखर की झुग्गी बस्ती में ऐसे ही बच्चों के बीच जब रक्षाबंधन पहुंचा, तो माहौल बदल गया चेहरों पर मुस्कान थी, आंखों में चमक थी और छोटी-छोटी कलाईयों पर प्रेम की डोर सजी थी।

यह खूबसूरत दृश्य देखने को मिला जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निःशुल्क शिक्षा केंद्र, पन्ना पोखर, मथुरा में, जहां अभावग्रस्त एवं शिक्षा से वंचित बच्चों के साथ रक्षाबंधन का पर्व आत्मीयता और उल्लास के साथ मनाया गया। बालिकाओं ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाया और उनकी कलाई पर राखी बांधी। बच्चों को मिष्ठान खिलाया गया तथा नए वस्त्र प्रदान किए गए। उपहार मिलने की खुशी से बच्चों के चेहरे खिल उठे। कुछ देर के लिए झुग्गी बस्ती का यह निःशुल्क शिक्षा केंद्र पढ़ाई की जगह नहीं, बल्कि बचपन की खुशियों का एक जीवंत उत्सव बन गया। कार्यक्रम में सतीश चंद्र शर्मा, कुमारी कुमकुम, प्रीति राजपूत, सचिन कुमार, तनुज शर्मा सहित दर्जनों बच्चे उपस्थित रहे। जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निःशुल्क शिक्षा केंद्र की यह पहल बताती है कि समाज में बदलाव हमेशा बड़े मंचों से नहीं आताकृकभी-कभी वह एक छोटी-सी झुग्गी बस्ती में, एक बच्चे की मुस्कान और उसकी कलाई पर बंधी एक राखी से भी शुरू होता है।

सिर्फ शिक्षा नहीं, खुशहाल बचपन की भी पहल

जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निःशुल्क शिक्षा केंद्र केवल उन बच्चों तक किताबें पहुंचाने का माध्यम नहीं है, बल्कि उनके बचपन को सम्मान और खुशियों से जोड़ने की एक सतत पहल है। सामाजिक एवं बाल अधिकार कार्यकर्ता तथा संस्था अध्यक्ष सतीश चंद्र शर्मा वर्ष 2008 से झुग्गी-झोपड़ियों, अभावग्रस्त परिवारों और मजदूर बस्तियों में रहने वाले बच्चों को शिक्षा, संस्कार एवं समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। इसी प्रयास के तहत बच्चों के साथ विभिन्न त्योहार एवं पर्व मनाए जाते हैं, ताकि आर्थिक परिस्थितियां उनके बचपन की खुशियों के रास्ते में दीवार न बनें।

## रान्हेरा के दंगल में पहलवानों ने दिखाया दम, पूनम महिला पहलवान ने जीते 3100 रुपये।

**छाता, मथुरा।** गांव रान्हेरा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मस्तराम बाबा दंगल मेला कमेटी के तत्वावधान में एक भव्य दंगल मेले का आयोजन किया गया, मेला कमेटी ने दंगल में आए हुए अतिथियों का मंच जोरदार स्वागत किया गया, दंगल में दूर-दराज से आए नामी पहलवानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कुश्ती के मैदान में अपना कौशल दिखाया। इस दंगल में पैगांव की रहने वाली महिला पहलवान पूनम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारती लाडपुर से जीत हासिल की और 3100 रुपये का नकद पुरस्कार अपने नाम किया। दंगल देखने के लिए आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भारी संख्या में खेलप्रेमी पहुंचे, जिन्होंने पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। मेला कमेटी के सदस्यों ने सभी पहलवानों और दर्शकों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था शेरगढ़ पुलिस द्वारा की गई।

# राजू दास के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे सैकड़ों लोग

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

लाइव टीवी डिबेट के दौरान महंत राजू दास पर कांग्रेस प्रवक्ता कुंवर सिंह निषाद के साथ कथित तौर पर गाली-गलौज और अभद्र भाषा के इस्तेमाल का आरोप लगा है। इसके विरोध में शनिवार को सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यकर्ता और समर्थक मथुरा कलेक्ट्रेट पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने राजू दास के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की। कलेक्ट्रेट पहुंचने पर प्रदर्शनकारियों ने राजू दास और प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। कलेक्ट्रेट परिसर में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात रहे। कुंवर सिंह निषाद के नेतृत्व में पहुंचे प्रदर्शनकारी जिलाधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपना चाहते थे। समर्थकों के मुताबिक, वे करीब दो घंटे तक जिलाधिकारी का इंतजार करते रहे, लेकिन मुलाकात नहीं हो सकी। जिलाधिकारी से मुलाकात नहीं होने और ज्ञापन स्वीकार नहीं किए जाने पर प्रदर्शनकारियों का गुस्सा बढ़ गया। उन्होंने जिला प्रशासन के खिलाफ भी नारेबाजी की। बाद में प्रदर्शनकारी बिना ज्ञापन सौंपे ही वापस लौट गए। प्रदर्शन के दौरान समर्थकों को संबोधित करते हुए कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि लाइव टीवी डिबेट जैसे सार्वजनिक मंच पर उनके साथ कथित तौर पर जिस तरह की अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया, वह गंभीर और निंदनीय है।

उन्होंने आरोप लगाया कि राजू दास को भाजपा की योगी सरकार का संरक्षण प्राप्त है। निषाद ने कहा कि इसी वजह से वह सार्वजनिक मंचों पर महिलाओं और अन्य लोगों के प्रति कथित तौर पर आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करने का साहस कर रहे हैं। कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि राजू दास के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज कर कानून के तहत कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि राजू दास सार्वजनिक रूप से माफी मांगते हैं तो मामला शांत हो सकता है।

# प्रसव के बाद बिगड़ी जच्चा की हालत, मौत

## परिजन ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, आगरा।

- शव सड़क पर रखकर तीन घंटे तक किया हंगामा
- हालत गंभीर होने पर अस्पताल के चिकित्सकों ने उसे सिकंदरा स्थित प्रभा हॉस्पिटल रेफर कर दिया।

थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र के टेढ़ी बगिया स्थित जलेसर मार्ग पर सरोज हॉस्पिटल में प्रसव के बाद 24 वर्षीय प्रसूता की मौत हो गई। महिला की मौत से आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल के बाहर सड़क पर शव रखकर करीब तीन घंटे तक हंगामा किया। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझा-बुझाकर मामला शांत कराया।

मथुरा के थाना महावन क्षेत्र के गांव राम नगरिया निवासी दलवीर सिंह की करीब चार वर्ष पहले खंदौली क्षेत्र के हसनपुर गांव निवासी श्रीनिवास की बेटी प्रिया से शादी हुई थी। मृतका के भाई रोहित के मुताबिक, शुक्रवार रात करीब 11 बजे प्रिया को प्रसव पीड़ा होने पर सरोज हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। देर रात करीब दो बजे ऑपरेशन के बाद उसने बेटे को जन्म दिया। परिजनों का आरोप है कि प्रसव के बाद प्रिया की देखभाल में लापरवाही बरती गई। शनिवार सुबह करीब 11 बजे अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई और उसे सांस लेने में परेशानी होने लगी। हालत गंभीर होने पर अस्पताल के चिकित्सकों ने उसे सिकंदरा स्थित प्रभा हॉस्पिटल रेफर कर दिया। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में उन्हें प्रिया से मिलने तक नहीं दिया गया।

इसके बाद वे उसे लेकर सिकंदरा स्थित निजी अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने प्रिया को मृत घोषित कर दिया। शाम करीब तीन बजे आक्रोशित परिजन शव लेकर वापस सरोज हॉस्पिटल पहुंचे और सड़क पर शव रखकर हंगामा शुरू कर दिया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। सूचना पर पुलिस फोर्स पहुंची और परिजनों को समझाकर शांत कराया।

### अस्पताल संचालक ने आरोपों को बताया निराधार

सरोज हॉस्पिटल के संचालक जेएस बघेल ने इलाज में लापरवाही के आरोपों को निराधार बताया। उनका कहना है कि महिला का ऑपरेशन कर सुरक्षित प्रसव कराया गया था। बाद में महिला की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी और उसे अटैक आने लगा। गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे तत्काल दूसरे अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### पोस्टमार्टम से किया इन्कार

एसीपी छत्ता श्वेता वर्मा ने बताया कि मृतका के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया है। उन्होंने कानूनी कार्रवाई से भी मना किया है। मामले में अभी पीड़ित पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# मैनपुरी को मिली 19 करोड़ से अधिक की विकास सौगात, मंत्री जयवीर सिंह ने किया 66 परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास

## समान पक्षी विहार में ईको टूरिज्म विकास को मिलेगी गति, 6 हेक्टेयर भूमि हस्तांतरण प्रस्ताव कैबिनेट से मंजूर

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मैनपुरी।





पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने जनपद में करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात देते हुए 777.89 लाख रुपये की लागत से 53 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 1166.16 लाख रुपये की लागत से 13 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार ने मैनपुरी को लगातार विकास की नई सौगातें दी हैं और अब जनपद की तस्वीर तेजी से बदल रही है।

मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि जिन विकास योजनाओं की कभी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी, आज वे धरातल पर दिखाई दे रही हैं। सड़क, पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत सुविधाओं के क्षेत्र में लगातार कार्य हो रहे हैं। सरकार किसी एक विधानसभा क्षेत्र तक विकास को सीमित नहीं रख रही, बल्कि पूरे जनपद के संतुलित और समग्र विकास के लिए आवश्यकतानुसार योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

उन्होंने समान पक्षी विहार को लेकर भी महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए कहा कि यहां ईको टूरिज्म की संभावनाओं को विकसित करने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। पर्यटन विभाग को समान पक्षी विहार के लिए 6 हेक्टेयर भूमि हस्तांतरित किए जाने के प्रस्ताव को 26 अगस्त की कैबिनेट बैठक में स्वीकृति मिल चुकी है। इससे क्षेत्र में पर्यटन सुविधाओं के विकास को गति मिलेगी और मैनपुरी को पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान प्राप्त होगी।

कार्यक्रम में लोक निर्माण विभाग की विभिन्न सड़क परियोजनाओं, नगर पालिका परिषद के सीसी मार्ग एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्यों सहित अनेक योजनाओं का शिलान्यास किया गया। वहीं उद्योग विभाग के मल्लामई लघु औद्योगिक आस्थान में अवस्थापना सुविधाओं के उच्चीकरण, मनरेगा के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सीसी रोड, इंटरलॉकिंग, नाली निर्माण, अन्नपूर्णा भवन और खुली व्यायामशाला जैसी परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया।

जिला पंचायत की विभिन्न संपर्क मार्ग परियोजनाओं के साथ नगर पालिका परिषद द्वारा वार्ड बागवान स्थित चुंगी से हरिहर मंदिर तक सीसी मार्ग एवं आरसीसी नाली, करहल-मैनपुरी मार्ग पर शहर के प्रवेश द्वार और वार्ड नगरिया में सीसी मार्ग व नाली निर्माण कार्यों का भी लोकार्पण किया गया।

मंत्री ने कहा कि सरकार आने वाले समय में भी मैनपुरी के विकास, जनकल्याण और गौरव के लिए इसी गति से कार्य करती रहेगी तथा पर्यटन के क्षेत्र में जनपद को नई पहचान दिलाने के हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं भोगांव विधायक रामनरेश अग्निहोत्री, प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष संगीता गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष अरविंद तोमर सहित जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा, मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु और अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



# पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष बनने पर डॉ. रामनरेश यादव का किया स्वागत

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, करहल।

विधानसभा क्षेत्र किशनी से पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष बनाए जाने पर डॉ. रामनरेश यादव शुक्रवार को ग्राम घुसूपुर में पूर्व जिला पंचायत सदस्य सोवरन सिंह यादव के आवास पर पहुंचे। उनके पहुंचने पर कार्यकताओं एवं समर्थकों ने पगड़ी और फूल-मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया।

इस दौरान प्रेमविलास यादव जिला अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ, फूल सिंह यादव सहकारी समिति अध्यक्ष सहन, सत्यप्रकाश यादव, रमेश यादव, बेदराम यादव, डायरेक्टर मनोज यादव, संजू, बंटू, सुधीर कुमार, मदन गोपाल सिंह, एलआईसी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम में संगठन को मजबूत करने, पार्टी की गतिविधियों तथा आगामी रणनीति को लेकर विचार-विमर्श किया गया। आगामी बैठकों में सक्रिय कार्यकर्ताओं की भूमिका और संगठनात्मक कार्यों को गति देने पर भी चर्चा हुई।

# जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: जयवीर सिंह

- सार्वजनिक भूमि पर कब्जे की शिकायतों पर मौके पर जाकर तत्काल कार्रवाई के निर्देश

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मैनपुरी।



पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शनिवार को ट्रांजिस्ट हॉस्टल में जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतकताओं को अपनी समस्या के समाधान के लिए कार्यालयों के बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। प्रत्येक शिकायत का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। किसी भी स्तर पर शिकायत लंबित न रखी जाए।

मंत्री ने कहा कि सार्वजनिक भूमि पर अनाधिकृत कब्जे की शिकायतों को राजस्व एवं पुलिस विभाग गंभीरता से लें। अधिकारी मौके पर पहुंचकर तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने पात्र लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आसानी से उपलब्ध कराने तथा योजनाओं में अपात्र लोगों को लाभ न मिलने देने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि आमजन को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना अधिकारियों की प्राथमिकता होनी चाहिए। राशन कार्ड धारकों को निर्धारित मात्रा में निःशुल्क खाद्यान्न समय से उपलब्ध कराया जाए। विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में धरातल पर सुधार दिखाई देना चाहिए और बिलिंग व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए, ताकि किसी उपभोक्ता को विद्युत बिल के कारण परेशानी न हो।

वेक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित साफ-सफाई, एंटीलार्वा का छिड़काव तथा फॉगिंग कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने स्ट्रीट लाइटों को चालू रखने और जलापूर्ति व्यवस्था सुचारु बनाए रखने को कहा।

जयवीर सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन को तत्काल राहत पहुंचाने के लिए संकल्पित है। किसी भी स्तर से प्राप्त शिकायत का त्वरित एवं समयबद्ध निस्तारण संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत जिम्मेदारी मानकर करें। यदि किसी शिकायत का निर्धारित समय में निस्तारण संभव नहीं है तो उसकी स्पष्ट आख्या अंकित कर शिकायतकर्ता को उपलब्ध कराई जाए। किसी भी दशा में कार्यालय में प्रार्थना पत्र अनिस्तारित नहीं रहना चाहिए।

इन शिकायतों पर भी हुई सुनवाई जनसुनवाई के दौरान ग्राम दिहुली निवासी राहुल कुमार ने दबंग व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की। गाड़ीवार निवासी हरिविलास ने आम रास्ता दुरुस्त कराने की शिकायत की। नगला खरा निवासी सुखवासी लाल, अभिषेक कुमार, अनिल कुमार, सुमित कुमार, राहुल, गोरेलाल और मुकेश बाबू ने खराब ट्रांसफार्मर बदलवाने की मांग रखी।

मिढ़ावली खुर्द निवासी गोलू चौहान ने गाटा संख्या 232 पर किए गए अवैध कब्जे को हटाने की मांग की। ग्राम भदेही निवासी वीना ने ससुरालीजनों द्वारा प्रताड़ित किए जाने की शिकायत की। हरनागरपुर निवासी प्रहलाद सिंह ने भूमि की पैमाइश कराने की मांग की।

ग्राम अस्योली निवासी चंदन मिश्रा, कुलदीप, मदन लाल, अहिवरन सिंह आदि ने गाटा संख्या 308 व 452 पर किए गए अनाधिकृत कब्जे हटाने की मांग की। वहीं न्यू बंशी गौहरा निवासी प्रशांत गुप्ता, अनोज कुमार आदि ने गाटा संख्या 453 पर विपक्षीगण द्वारा किए गए अवैध कब्जे को हटाने की शिकायत की। सभी प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को पृष्ठांकित कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए उपलब्ध कराए गए।

इस दौरान जिलाध्यक्ष ममता राजपूत, उदय चौहान, अर्जुन चौहान, उप जिलाधिकारी सदर श्याम प्रताप, क्षेत्राधिकारी नगर अशोक सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली फतेह बहादुर सिंह तथा विद्युत विभाग के लालू जादौन, प्रवेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# विकास और जनकल्याण की योजनाओं से बदल रहा मैनपुरी का स्वरूप: जयवीर सिंह

- 66 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास, लाभार्थियों को चेक, चयन पत्र व स्वीकृति पत्र किए वितरित

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मैनपुरी।



पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार विकास और जनकल्याण को प्राथमिकता देते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का काम कर रही है। वर्ष 2017 के बाद प्रदेश में कानून व्यवस्था, विकास और जनकल्याण के क्षेत्र में व्यापक बदलाव देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपराधियों और संगठित अपराध के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई कर प्रदेश में कानून का राज स्थापित किया है।

मंत्री जयवीर सिंह ने विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित करते हुए कहा कि प्रदेश में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, यातायात, धार्मिक एवं आध्यात्मिक स्थलों के विकास सहित प्रत्येक क्षेत्र में तेजी से कार्य हो रहा है। आस्था के केंद्रों के विकास का उद्देश्य केवल धार्मिक स्थलों का निर्माण नहीं, बल्कि सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत को संरक्षित करते हुए पर्यटन की संभावनाओं को बढ़ाना भी है।

उन्होंने कहा कि मैनपुरी को केंद्रीय विद्यालय की सौगात मिलना बड़ी उपलब्धि है। इससे बच्चों को बेहतर शिक्षा का अवसर मिलेगा। नया बाईपास भी जनपद के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। इससे यातायात व्यवस्था में सुधार के साथ आसपास के गांवों को भी लाभ मिलेगा। नगर पालिका सीमा के विस्तार से संबंधित क्षेत्रों में शहरी सुविधाओं और विकास कार्यों का विस्तार होगा। नौनेर के पास करीब 2,500 गोवंश की क्षमता वाले नए आश्रय स्थल का प्रस्ताव भी तैयार किया गया है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के पांच लाभार्थियों को पांच-पांच लाख रुपये के डेमो चेक, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के पांच स्वयं सहायता समूहों को 12-12 लाख रुपये के सीसीएल, पंचायती राज विभाग के 49 पंचायत सहायक कम डाटा एंट्री ऑपरेटरों को चयन पत्र तथा मुख्यमंत्री युवा योजना के 10 लाभार्थियों को करीब 45 लाख 51 हजार रुपये के ऋण स्वीकृत डेमो चेक वितरित किए गए। इसके अलावा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक, उपकरण और टूलकिट भी प्रदान किए गए। पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं भोगांव विधायक रामनरेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार गरीब, किसान, महिला, युवा और समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है। योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पूरी पारदर्शिता के साथ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत सुविधाओं के क्षेत्र में बड़े स्तर पर विकास कार्य हुए हैं।

प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता ने रक्षाबंधन पर महिलाओं को निःशुल्क रोडवेज बस यात्रा की सुविधा दिए जाने को सरकार की महिला हितैषी सोच का उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के साथ एक सहयोगी को भी यात्रा की सुविधा दी गई। वृद्ध महिलाओं के लिए निःशुल्क रोडवेज यात्रा का निर्णय भी महिलाओं के सम्मान और सुविधा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि जनपद में अन्नपूर्णा भवन, मनरेगा के तहत सीसी रोड, नगर पालिका क्षेत्र में गलियों, नालियों एवं जल निकासी तथा लोक निर्माण विभाग की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। जनपद में लगभग 66 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास हुआ। साथ ही विभिन्न योजनाओं के माध्यम से युवा, महिला, किसान और कारीगरों सहित विभिन्न वर्गों को लाभान्वित किया गया।

कार्यक्रम में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, रामनरेश अग्निहोत्री, आलोक गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष संगीता गुप्ता, जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा, मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन परियोजना निदेशक डीआरडीए शोभनाथ चौरसिया ने किया।

# पालीवाल समाज से मनाया एकता दिवस, दी गई श्रद्धांजलि

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, शिकोहाबाद।

रक्षाबंधन के पर्व को पालीवाल समाज ने एकता दिवस के रूप में मनाया । इस अवसर पर समाज के लोगों ने धोला चौथरा पाली में शहीदों के स्मारक की प्रतिमाओं को नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पालीवाल ब्राह्मण सेवा समिति के सभी लोगों ने पथवारी रोड स्थित पालीवाल पब्लिक स्कूल में एकत्रित होकर एकता दिवस मनाया। समाज के अध्यक्ष राजकुमार पालीवाल ने बताया कि अपने धर्म एवं स्वाभिमान को बचाने के लिए पालीवाल ब्राह्मण समाज ने राजस्थान की पाली में युद्ध करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। इस अवसर पर राजीव मुदगल, प्रवेन्द्र कुमार मुद्गल, सचिव रवीश पालीवाल, पूर्व अध्यक्ष अरविंद कुमार पालीवाल, मुकेश कुमार पालीवाल, नवीन पालीवाल, कृष्णगोपाल पालीवाल, राकेश कुमार, आलोक कुमार, संजीव पालीवाल, अरुण पालीवाल आदि मौजूद रहे ।

# बारह बफात जुलूस की सफलता पर कमेटी का हुआ भव्य स्वागत

## शानदार जुलूस के बाद कमेटी सदस्यों का फूल-मालाओं से स्वागत

- जुलूस की कामयाबी पर खालिद अली समेत पूरी टीम का जोरदार स्वागत
- जुलूस की सफलता पर जब्बार वारसी के आवास पर हुआ सम्मान समारोह
- मौलाना कारी मुजम्मिल ने बढ़ाया जुलूस कमेटी का हौसला



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, करहल।

नगर में बारह बफात के अवसर पर शानदार एवं भव्य जुलूस निकाले जाने के बाद जुलूस कमेटी के सदस्यों के सम्मान में स्वागत सत्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मुहल्ला सराय स्थित जब्बार वारसी के आवास पर हुआ। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मुस्लिम समाज के लोगों ने जुलूस कमेटी के सदस्यों एवं पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में बारह बफात जुलूस के अध्यक्ष खालिद अली का भी समाज के लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान जुलूस के सफल आयोजन में सहयोग करने वाली पूरी टीम के सदस्यों को सम्मानित करते हुए उनकी मेहनत की सराहना की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौलाना कारी मुजम्मिल ने शिरकत की। उन्होंने जुलूस कमेटी के सदस्यों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि समाज की एकता और आपसी भाईचारा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आधी रोटी खाएं, लेकिन बच्चों को जरूर पढ़ाएं, क्योंकि शिक्षा ही समाज और देश को आगे बढ़ाने का सबसे मजबूत माध्यम है।

उन्होंने लोगों से आपस में प्रेम और भाईचारा बनाए रखने तथा पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब द्वारा बताए गए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। साथ ही देश में अमन, शांति और खुशहाली कायम रहने के लिए दुआ भी की।

कार्यक्रम का सफल संचालन समाजसेवी मिर्जा अकील बेग ने किया। उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचे सभी लोगों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने जुलूस के सफल आयोजन के लिए कमेटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बधाई दी।

इस मौके पर मौलाना जावेद, पूर्व सभासद आजम खान, चांदमुन्ना, जमील कुरैशी, बब्बन अली, अब्दुल कलाम, असलम अली, नत्थू बक्शे वाले, सफदर हुसैन, रियासत, मुबीन, पप्पू सहित मुस्लिम समाज के तमाम लोग मौजूद रहे।

# छात्रा का शव छत पर मिला, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**शिकोहाबाद** । थाना क्षेत्र के गांव कंथरी में शनिवार दोपहर एक 20 वर्षीय बीएससी की छात्रा लक्ष्मी कुमारी का शव उसके ही मकान की छत पर कपड़े सुखाने वाले तार से लटका मिला है । शव मिलने की जानकारी होते ही हड़कंप मच गया। इधर परिजनों ने युवती की हत्या किए जाने की आशंका जताई है। जानकारी के मुताबिक शनिवार दोपहर करीब 12 बजे युवती का शव घर की छत पर मिला। घटना के वक्त परिवार के अन्य सदस्य खेत पर गए हुए थे और युवती घर में अकेली थी। मृतका के परिजनों ने हत्या की आशंका व्यक्त की है और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग पुलिस से की गई है। इधर सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची तथा जानकारी परिजनों से हासिल की । वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# खेल दिवस पर हॉकी समेत विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित

**फिरोजाबाद।** मेजर ध्यानचंद की 121वीं जयंती के उपलक्ष्य में 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिला खेल कार्यालय फिरोजाबाद एवं डेल्ही पब्लिक स्कूल के संयुक्त सहयोग से विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिला खेल कार्यालय एवं डेल्ही पब्लिक स्कूल में जूनियर हॉकी मैच के साथ साइकिल रेस, बास्केटबॉल और बैडमिंटन प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं।

जूनियर हॉकी का मुकाबला जिला खेल कार्यालय एवं स्टेडियम की टीम तथा डेल्ही पब्लिक स्कूल की टीम के बीच हुआ। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। रोमांचक मुकाबले में डेल्ही पब्लिक स्कूल की टीम ने 1-0 से जीत दर्ज की।

जिला क्रीड़ा अधिकारी मुकेश कुमार ने आयोजन में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों, आयोजकों, प्रशिक्षकों एवं प्रिंट मीडिया का सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस का उद्देश्य युवाओं को खेलों से जोड़ना और उनमें खेल भावना को बढ़ावा देना है।

# बाबा फैमिली प्लाजा पर मारपीट में आया नया मोड, सीसीटीवी फुटेज वायरल

- शराब के नशे में उनके यहां पहुंचे थे शिक्षक , साथ लाए थे डंडा - शोरूम संचालक नशे में शिक्षक का होना
- गंभीर विषय, डीएम से जांच की उठी मांग

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, शिकोहाबाद।

नगर के पक्का तालाब स्थित बाबा फैमिली प्लाजा पर 23 अगस्त दोपहर में हुई घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर गुरुवार को अचानक से वायरल हो गया, जिसमें एक व्यक्ति उस शोरूम की सीढ़िया पर गिरे हुए नजर आए, जिसकी पहचान एमडी जैन इंटर कॉलेज के शिक्षक राजीव जैन के रूप में हुई । वह क्यों गिरे ? तथा किस हालत में गिरे , इस वीडियो में कुछ भी समझ में नहीं आ रहा था। वहीं शोरूम संचालक तथा कर्मचारियों पर मारपीट का आरोप लगाया गया । इधर शुक्रवार को एक अन्य वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें सीसीटीवी कैमरे में कुछ और ही कैद नजर आ रहा है। इस संबंध में दुकानस्वामी अक्षय वर्मा ने बताया कि वायरल वीडियो 23 अगस्त का है। शिक्षक राजीव जैन पहले कपड़े खरीदने आते हैं तथा दुकान के कर्मचारियों से गाली गलौज करते है। अक्षय के मुताबिक उस समय वो नशे की हालत में थे, जब कर्मचारी ठीक से बात करने की कहता है तो वह और भड़क जाते हैं । उक्त शिक्षक शोरूम संचालक को धमकी देते हुए चले जाते हैं। इसके बाद वह पुनः कुछ देर बाद नशे की हालत में दुकान के अंदर पहुंचते तथा पेंट में एक प्लास्टिक का डंडा निकालकर कर्मचारी को ढूंढते हुए उसके पास पहुंचते हैं तथा उसको चांटा मारने के बाद डंडे से उस पर प्रहार करने की कोशिश करते है । अक्षय वर्मा का कहना है कि उनका भी गिरवान पकड़ लेते है। इधर दोनों ओर से मुकद्दमा दर्ज कराया गया है । इधर सोशल मीडिया पर इंटर कॉलेज के शिक्षक के नशे में आने की बात सामने आने के बाद लोग भी कई सवाल उठा रहे हैं। लोगों का कहना है कि एक शिक्षक नशे की हालत में कैसे दुकान पर पहुंचते हैं ? एक शिक्षक जब शराब पीते हैं तो वह बच्चों को क्या शिक्षा देंगे ? लोगों ने जिलाधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक को इस मामले को प्रमुखता से लेने की जरूरत है तथा जांच करवाने की मांग की है, क्योंकि मामला गुरुजी से जुड़ा है।

# रक्षाबंधन पर जेल में फैला भाईचारे और सद्भाव का संदेश





■ ब्रह्माकुमारी बहनों ने बंदियों को बांधी राखी, बुराई छोड़ने का दिलाया संकल्प
■ डीएम-एसपी समेत अधिकारियों को भी बांधी राखी

टीएनएफ टुडे, कासगंज।

रक्षाबंधन के पावन पर्व पर ब्रह्माकुमारी सेवाकेंद्र कासगंज की बहनों ने शुक्रवार को जनपद कारागार पहुंचकर बंदियों और जेल अधिकारियों के साथ रक्षाबंधन पर्व मनाया। बहनों ने सभी को राखी बांधकर मिठाई खिलाई और जीवन में बुराइयों को त्यागने का संकल्प दिलाया।

वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बीके करुणा दीदी ने रक्षाबंधन के आध्यात्मिक रहस्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व केवल भाई-बहन के रिश्ते तक सीमित नहीं है, बल्कि पवित्रता, सद्भाव और बुराइयों से रक्षा का संदेश देता है। उन्होंने सभी से अपने जीवन के किसी एक दुर्गुण को हमेशा के लिए छोड़ने का दृढ़ संकल्प लेने का आह्वान किया।

डीएम-एसपी समेत अधिकारियों को बांधी राखी

इसके बाद ब्रह्माकुमारी बहनों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी प्रणय सिंह, पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार गंगाप्रसाद, मुख्य विकास अधिकारी वीरेंद्र सिंह समेत पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को राखी बांधी। कासगंज कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक व पुलिसकर्मियों तथा रेलवे स्टेशन अधीक्षक को भी रक्षासूत्र बांधकर पर्व की शुभकामनाएं दी गईं।इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शशिलता चौहान, सुबोध मित्तल, अनुपम बिड़ला, विनीत अग्रवाल, नरेंद्र सिंह, आन्या पुंडीर, महेश शर्मा, अनुराधा पुंडीर, विनीत जाजू, अजय चौहान, विपिन शर्मा, नीरज यादव समेत अनेक गणमान्य नागरिकों को भी राखी बांधी गई। संस्था की ओर से बीके रूबी बहन, बीके सीमा बहन, बीके आरती बहन, मधुर पुंडीर, रामरक्षपाल, कृष्णा आदि मौजूद रहे।

## 100 वर्षीय मानसिक अस्वस्थ वृद्ध नहर किनारे मृत मिले

**टीएनएफ टुडे, कासगंज।** हजारा नहर के पास मिले अज्ञात वृद्ध के शव की शिनाख्त शनिवार को एटा के हिम्मतनगर बझेड़ा निवासी 100 वर्षीय देवदत्त पुत्र गोपी के रूप में हुई। सूचना पर पहुंचे रिश्तेदारों ने कासगंज जिला अस्पताल में शव की पहचान की।

परिजनों के मुताबिक, 100 वर्षीय मृतक देवदत्त पिछले 10 वर्षों से अपनी बेटियों के घर बारी-बारी से रहकर जीवन यापन कर रहे थे। आठ दिन पहले वह कासगंज के ग्राम नरौली में अपनी चौथे नंबर की बेटी सुखदेवी पत्नी पन्नालाल के घर आए थे। अत्यधिक वृद्ध होने के कारण वह मानसिक रूप से अस्वस्थ रहते थे। शुक्रवार सुबह करीब 14:30 बजे से पहले वह बिना किसी को बताए घर से निकल गए थे। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन की जा रही थी, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला।

सोशल मीडिया पर फोटो देखकर पहुंचे अस्पताल, हुई पहचान

शनिवार को मृतक की बेटी के देवर ओमप्रकाश (निवासी ग्राम नरौली) को सोशल मीडिया के जरिए नहर किनारे कोई शव मिलने की जानकारी हुई। खबर मिलते ही वह तत्काल जिला अस्पताल कासगंज पहुंचे और शव की शिनाख्त अपने रिश्तेदार देवदत्त के रूप में की।

# अनुशासन और मेहनत से संवारें भविष्य: एसपी

■ श्री गणेश इंटर कॉलेज में संवाद, मार्गदर्शन एवं अनुप्रेरण कार्यक्रम
■ एसपी ने छात्र-छात्राओं से किया सीधा संवाद

टीएनएफ टुडे, कासगंज।



श्री गणेश इंटर कॉलेज में शनिवार को छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य और सर्वांगीण विकास के लिए संवाद, मार्गदर्शन एवं अनुप्रेरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद करते हुए उन्हें जीवन में अनुशासन, कड़ी मेहनत और सकारात्मक सोच को सफलता का मूलमंत्र बताया।

एसपी ओपी सिंह ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ समय प्रबंधन और लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने वर्तमान समय में साइबर सुरक्षा के प्रति सजग रहने, यातायात नियमों का पालन करने और सोशल मीडिया का सावधानी से इस्तेमाल करने की सलाह दी। महिला सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए उन्होंने विमेन पावर लाइन 1090 समेत विभिन्न हेल्पलाइन के बारे में भी विद्यार्थियों को जागरूक किया।

करियर को लेकर मिली जरूरी सीख, छात्रों में भरा आत्मविश्वास

जिला विद्यालय निरीक्षक रजनेश कुमार और प्रधानाचार्य एचपीएन दुबे ने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, करियर विकल्प और समय के सदुपयोग को लेकर मार्गदर्शन दिया।

वक्ताओं ने विद्यार्थियों से लक्ष्य तय कर निरंतर मेहनत करने का आह्वान किया। समापन पर प्रधानाचार्य एचपीएन दुबे ने मुख्य अतिथि एसपी ओपी सिंह और विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक रजनेश कुमार का आभार जताया तथा उन्हें स्मृति चिह्न भेंट किया।

## सीडीओ की अध्यक्षता में जिला स्वच्छता समिति की बैठक संपन्न



टीएनएफ टुडे, अलीगढ़।

मुख्य विकास अधिकारी योगेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को विकास भवन सभागार में जिला स्वच्छता समिति एवं जिला स्वच्छ भारत मैनेजमेंट कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के 1621 लाभार्थियों को प्रथम किश्त एवं 1358 लाभार्थियों को द्वितीय किश्त के आवंटन को स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक का संचालन करते हुए डीपीआरओ यतेन्द्र सिंह ने 852 सामुदायिक शौचालयों की क्रियाशीलता के संदर्भ में बताया गया कि 02 ग्राम पंचायतें नगर पंचायत में शामिल हो गई हैं। अवशेष 850 ग्रामों में से 807 सामुदायिक शौचालय को क्रियाशील जबकि 43 अक्रियाशील हैं। सीडीओ ने सामुदायिक शौचालयों की शत-प्रतिशत क्रियाशीलता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीपीआरओ ने बताया कि विगत बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में जिले के अवशेष बचे 62 ग्रामों से 09 में आरआरसी निर्माण के लिए समाधान कराते हुए कार्य आरंभ करा दिया गया है जबकि अभी 53 बचे हुए हैं। सीडीओ ने अवशेष सभी ग्रामों में सभी प्रकरणों का निस्तारण कर शीघ्र कार्य आरंभ कराने के निर्देश दिए।

ओडीएफ मॉडल प्लस ग्रामों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए आरआरसी संचालन की समीक्षा में पाया गया कि चयनित 140 ग्रामों के सापेक्ष 110 में कूड़ा प्रथक्करण का कार्य किया जा रहा है। प्लास्टिक मुक्त मॉडल तालाब कार्यक्रम-मेरा तालाब मेरी जिम्मेदारी के अंतर्गत अकराबाद के नगला सरताज, अतरौली के बढ़ौली, बिजौली के बढ़ेसरा, चंडौस के नगला पदम, धनीपुर के उखलाना, गंगीरी के शाहजहांपुर बैंजना, गोंडा के कैमथल, इगलास के कजरौठ, जवां के दवथला, खैर के बझेड़ा, लोधा के कुलवा एवं टप्पल के मालव में तालाब निर्माण, साफ-सफाई वृक्षारोपण, सिल्ट चैम्बर, फिल्टर चैम्बर निर्माण संबंधी कार्य पूर्ण होने की जानकारी दी गई।

बैठक में ब्लॉक प्रमुख खैर दिवाकर गौड, सभी बीडीओ समेत एडीओ पंचायत एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## शादी के 30 दिन में दुल्हन प्रेमी संग फरार

**अलीगढ़।** नवविवाहिता शादी के एक महीने के भीतर ही लाखों के जेवर, नकदी और मोबाइल लेकर अपने प्रेमी के साथ चली गई। पीड़ित परिवार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

अलीगढ़ के बन्नादेवी थाना क्षेत्र की एक नवविवाहिता शादी के महज एक महीने के भीतर ही घर में रखे लाखों के जेवर, नकदी और मोबाइल लेकर अपने प्रेमी के साथ चली गई। पीड़ित परिवार ने इस मामले की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है।

भीकेलाल ने रिपोर्ट में बताया कि उन्होंने अपने छोटे भाई आकाश की शादी 12 जुलाई को बुलंदशहर के खुर्जा की रहने वाली पूनम के साथ की थी। शादी की मेहंदी का रंग अभी फीका भी नहीं पड़ा था कि 11 अगस्त 2026 को दोपहर करीब 12:30 बजे दुल्हन घर से गायब हो गई। वह अपने साथ दो जोड़ी चांदी की पायल, एक चांदी का कमरबंद, एक सोने का मंगलसूत्र, 10000 रुपये नकद और एक मोबाइल फोन भी ले गई।

## ट्रेन चलने से पहले नींद में छूटा पांच साल का मासूम, 20 मिनट में जीआरपी ने खोज निकाला

टीएनएफ टुडे, कासगंज।



रेलवे स्टेशन कासगंज पर शुक्रवार को ट्रेन में बैठे परिजनों की आंख लगने के दौरान पांच वर्षीय मासूम बिना बताए ट्रेन से उतर गया और स्टेशन पर कहीं चला गया। बच्चे के लापता होने की सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई शुरू की और करीब 20 मिनट के भीतर उसे स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया से सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

गंजडुंडवारा थाना क्षेत्र के नगला इमामबख्श निवासी अहमद अपनी पत्नी इमराना और पांच वर्षीय बेटे अरहान के साथ लालकुआं एक्सप्रेस से मानपुर नगरिया जाने के लिए कासगंज रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। ट्रेन के रवाना होने में समय था। इसी दौरान अहमद और उनकी पत्नी की आंख लग गई।

इसी बीच मासूम अरहान बिना किसी को बताए ट्रेन से उतर गया और स्टेशन पर चला गया। आंख खुलने पर परिजनों ने बच्चे को ट्रेन के अंदर और आसपास तलाश किया, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। इसके बाद अहमद ने तत्काल ड्यूटी पर तैनात जीआरपी पुलिस को घटना की जानकारी दी।

सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस ने स्टेशन परिसर में बच्चे की तलाश शुरू कर दी। पुलिसकर्मियों ने आसपास के स्थानों पर सघन खोजबीन की। करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद पुलिस ने अरहान को रेलवे स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया से सकुशल बरामद कर लिया।

**इन पुलिसकर्मियों ने संभाली कमान**

मासूम को सकुशल बरामद करने वाली टीम में जीआरपी कासगंज के थानाध्यक्ष कोमल कुंतल, कांस्टेबल विश्वजीत सिंह, कांस्टेबल संजय सिंह और महिला कांस्टेबल स्वाति शामिल रहीं।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक में खेलों की धूम, मेजर ध्यानचंद को किया नमन





**हाथरस।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय हाथरस में महान हॉकी खिलाड़ी एवं हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को श्रद्धापूर्वक याद करते हुए विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय परिसर में कैरम, शतरंज एवं निशानेबाजी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। वहीं प्रातः क्षेत्रीय कार्यालय से बागला इंटर कॉलेज के खेल मैदान तक दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें बैंक के अनेक कर्मचारियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।आयोजित सभा को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य प्रबंधक श्री धर्मेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। खेलों से व्यक्ति का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है और तनाव कम करने के साथ कार्यक्षमता एवं सकारात्मक ऊर्जा में भी वृद्धि होती है। उन्होंने कर्मचारियों से नियमित रूप से खेल एवं व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।इस अवसर पर मेजर ध्यानचंद के अद्वितीय खेल जीवन को भी स्मरण किया गया। वर्ष 1928, 1932 और 1936 के ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम ने स्वर्ण पदक जीते और ध्यानचंद इन तीनों ऐतिहासिक सफलताओं का हिस्सा रहे। 1936 के बर्लिन ओलंपिक में वे भारतीय टीम के कप्तान थे। उनकी असाधारण ड्रिब्लिंग, गेंद पर नियंत्रण और गोल करने की कला ने उन्हें विश्व हॉकी का महानायक बनाया। वर्ष 1956 में उन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। उनके जन्मदिवस 29 अगस्त को देश में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों ने खेल भावना, अनुशासन, टीम भावना एवं स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारी श्री नीरज उपाध्याय ने सभी प्रतिभागियों एवं उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

## श्री मद भागवत कथा एक सितम्बर से

**टीएनएफ टुडे,कासगंज।** गंजडुंडवारा कस्बा के रेलवे रोड स्थित मन्दिर हनुमान गढ़ी में एक सितंबर से श्री मद् भागवत कथा शुरू हो रही है। सात सितंबर तक प्रतिदिन दोपहर तीन बजे से शाम सात बजे तक कथा का रसपान कथावाचक गौरव देव पांडेय करेंगे। एक सितम्बर को प्रातः 10 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी, कलश यात्रा कस्बा के मुख्य मुख्य मार्गों से भ्रमण करते हुए कथा स्थल पर पहुंचेगी। सात सितंबर को कथा के समापन पर प्रसाद वितरित किया जाएगा। कथा आयोजक समिति ने धर्म प्रेमियों से समय पर पहुंचकर कथा का रसपान कर पुण्य कमाने की अपील की है।

## कुएं में गिरे नीलगाय के बच्चे को गौरक्षकों ने सुरक्षित निकाला

टीएनएफ टुडे, हाथरस, सासनी



गाँव रुस्तमपुर गौतना में शनिवार को एक दर्दनाक हादसा टल गया, जहाँ एक नीलगाय का बच्चा अचानक खुले कुएं में गिर गया। घटना की सूचना मिलते ही 'रुस्तमपुर गौतना गौ रक्षा दल' की टीम तुरंत हरकत में आई और बिना समय गंवाए मौके पर पहुँचकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया।

गौरक्षकों ने कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित तरीके से रस्सी और अन्य साधनों की मदद से नीलगाय के बच्चे को कुएं से बाहर निकाला। प्राथमिक जाँच के बाद बच्चा पूरी तरह स्वस्थ पाया गया, जिसे बाद में जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया गया। ग्रामीणों ने गौ रक्षा दल की इस त्वरित और साहसिक कार्रवाई की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

इस राहत एवं बचाव कार्य में गौरक्षक हरीश कुमार वार्ष्णेय, नीरज कुमार वार्ष्णेय, त्रिलोक वार्ष्णेय, जितेंद्र कुमार सूर्यवंशी, समीर सूर्यवंशी और आकाश कुमार रावल मुख्य रूप से मौजूद रहे और सक्रिय भूमिका निभाई।

# डीएम-एसपी ने बैरकों से लेकर भोजनालय तक परखी व्यवस्थाएं

■ बंदियों सें बातचीत कर जानी समस्याएं
■ स्वच्छता और सुविधाओं को बेहतर बनाए रखने के दिए निर्देश

टीएनएफ टुडे, कासगंज।



जिलाधिकारी प्रणय सिंह और पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने शनिवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों की सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बैरक, भोजनालय, चिकित्सालय, पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई और सुरक्षा प्रबंधों को बारीकी से परखा। बंदियों से सीधे किया संवाद, सुविधाओं और समस्याओं की जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने जेल प्रशासन को निर्देश दिए कि बंदियों को नियमानुसार सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। कारागार परिसर में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के साथ भोजन की गुणवत्ता और पेयजल की नियमित जांच सुनिश्चित करने को कहा।

चिकित्सालय में पर्याप्त दवाओं की उपलब्धता और बंदियों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था प्रभावी बनाए रखने के भी निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह ने कारागार की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सतर्कता बनाए रखने को कहा। डीएम और एसपी ने संबंधित अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरूप कारागार में अनुशासन, सुरक्षा, स्वच्छता और मानवीय दृष्टिकोण के साथ सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## कासगंज-मथुरा सवारी गाड़ी अब अछनेरा तक जाएगी

**टीएनएफ टुडे, कासगंज।** पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन ने दैनिक रेल यात्रियों को बड़ी राहत देते हुए कासगंज-मथुरा जंक्शन के बीच चलने वाली सवारी गाड़ी का अस्थायी रूप से अछनेरा तक मार्ग विस्तार एक्सटेंशन कर दिया है। यह व्यवस्था 1 सितंबर 2026 से लागू होकर 31 दिसंबर 2026 तक प्रभाव में रहेगी। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुमित कुमार ने बताया यात्रियों की मांग और सहूलियत को ध्यान में रखते हुए ट्रेन संख्या 55339/55340 कासगंज-मथुरा जंक्शन-कासगंज सवारी गाड़ी का विस्तार अछनेरा तक करने का निर्णय लिया गया है। यह रहेगा गाड़ियों का समय और रूट गाड़ी संख्या 55339 (कासगंज - अछनेरा): 1 सितंबर से 31 दिसंबर 2026 तक यह ट्रेन कासगंज से अपने निर्धारित समय रात्रि 09:25 बजे प्रस्थान करेगी। पूर्व निर्धारित स्टेशनों पर रुकते हुए मथुरा जंक्शन पर रात 11:50 बजे पहुंचेगी। इसके बाद आगे बढ़ते हुए रात 12:15 बजे भैंसा, 12:27 बजे परखम से छूटकर देर रात 01:00 बजे अछनेरा पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 55340 (अछनेरा - कासगंज): वापसी में 2 सितंबर 2026 से 1 जनवरी 2027 तक यह ट्रेन अछनेरा से तड़के 04:20 बजे रवाना होगी। इसके बाद परखम से सुबह 04:35 बजे, भैंसा से 04:47 बजे और मथुरा जंक्शन से 05:30 बजे छूटकर पूर्व निर्धारित स्टेशनों से होते हुए सुबह 08:40 बजे कासगंज पहुंचेगी।

## अलीगढ़ में रोडवेज बस के लिए बहनों ने किया दो-तीन घंटे इंतजार

**अलीगढ़।** रक्षाबंधन पर निःशुल्क बस यात्रा की सरकारी घोषणा के बावजूद शुक्रवार को भीड़ और उमस ने बहनों की मुश्किलें बढ़ा दीं। शहर के सारसौल बस अड्डे पर सुबह से ही यात्रियों की भारी भीड़ जुट गई। बसों के इंतजार में बहनें घंटों उमस भरी गर्मी में परेशान होती रहीं। हालात यह रहे कि कई यात्रियों को दो से तीन घंटे इंतजार के बाद भी बस नहीं मिल सकी। सबसे ज्यादा भीड़ दिल्ली और आगरा रूट पर रही। शुक्रवार सुबह सारसौल बस स्टैंड पर हालात और बिगड़ गए। भाई को राखी बांधने के लिए दिल्ली, मुरादाबाद, आगरा समेत दूसरे शहरों की ओर जाने वाली बहनों की लंबी कतारें लग गईं। कई यात्रियों ने बताया कि उन्हें दो घंटे तक बस का इंतजार करना पड़ा। शासन के निर्देश पर रोडवेज ने गुरुवार सुबह 7 बजे से शनिवार रात 12 बजे तक बहनों को निशुल्क यात्रा की सुविधा देने का निर्णय लिया है। अलीगढ़ रोडवेज के बेड़े में 900 से ज्यादा बसें हैं। पिछले वर्षों के अनुभव को देखते हुए 300 से ज्यादा बसें दिल्ली-कानपुर रूट पर लगाई गई हैं।

# क्रिएटिव एजुकेशन एंड डेवलपमेंट सोसाइटी: रक्षाबंधन

■ के पर्व पर रक्षासूत्र कार्यक्रम भव्यता के साथ संपन्न
■ भारतीय संस्कृति एवं परंपरा पर रक्षाबंधन पर हुआ क्रिएटिव स्पेशल स्कूल फॉर मेंटली चैलेंज्ड प्रोग्राम

टीएनएफ टुडे, एटा।

रक्षाबंधन के पवित्र पर्व को लेकर शहर की कासगंज रोड स्थित दून स्कूल की छात्राओं द्वारा छात्रों के तिलक राखी बांधी गई, और छात्रो द्वारा चरण वंदन करके उन्हें स्नेह पूर्वक भेंट प्रदान की गई एवं मिष्ठान वितरण किया गया।

इस कार्यक्रम का आयोजन चिलासनी स्थित विशेष विद्यालय में यह भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला समन्वयक समेकित शिक्षा संजय मिश्रा उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्ष के रूप में देवेंद्र स्वरूप वर्मा एवं मुख्यवक्ता के रूप में योगेश कुमार सक्सेना संस्थापक सदस्य क्रिएटिव एजुकेशन एंड डेवलपमेंट सोसाइटी एटा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि ग्रुप में प्राथमिक विद्यालय चिलसिनी एटा के प्रधान अध्यापक विजय कुमार शर्मा एवं अरुण यादव पीटीआई दून स्कूल एटा उपस्थित रहे।

रक्षाबंधन कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके एवं सरस्वती मां के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया।

मुख्यअतिथि संजय मिश्रा द्वारा विद्यार्थियों को पौराणिक कथाओं के माध्यम से रक्षा सूत्र के महत्व को समझाया और कहा कि संस्था को दिव्यांगजन की सेवा प्रदान करते हुए 25 वर्ष से अधिक हो गया है और दिव्यांग जन को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना ही संस्था का मुख्य ध्येय है। इस दौरान दून स्कूल एटा से LKG,UKG एवं नर्सरी से लगभग 200 छात्र/छात्रा एवं 20 के लगभग टीचर उपस्थित रहे, जिसमें दून स्कूल की टीचर पूजा शर्मा का विशेष रूप से योगदान रहा।

कार्यक्रम में दून स्कूल के टीचरों द्वारा विद्यार्थियों का सहयोग प्रदान किया गया। जिसमें नीहारिका, पूजा वार्ष्णेय, प्रियंका, आरती, बिंदु, वंदना, पूनम, निकिता, अनन्या शिवानी, कनक, रश्मि, चारु, प्राची , पूजा शिवांगी एवं पीटीआई अरुण आदि शामिल हैं। हर्षोल्लास से दून स्कूल की छात्रा वंशिका का जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि विजय कुमार शर्मा द्वारा दून स्कूल से प्रतिभाग करने आए बच्चों, शिक्षक शिक्षिकाओं एवं अतिथिगण का आभार प्रकट किया।

संयोजिका/प्रभारी विशेष विद्यालय चिलसिनी एटा श्रीमती प्रतिभा सक्सेना संरक्षिका क्रिएटिव एजुकेशन एंड डेवलपमेंट सोसाइटी एटा ने आए हुए सभी अतिथियों का हृदय से धन्यवाद प्रेषित किया।

अध्यक्ष महोदय ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि संस्था द्वारा निस्वार्थ भाव से उत्कृष्ट समाज सेवा प्रदान करने वाले सभी अतिथियों को श्री राम सरोज स्मृति सम्मान पत्र प्रदान करके उनको सम्मानित किया गया। अंत मे राष्ट्र गान गाकर कार्यक्रम का समापन किया

## अलीगढ़-महरावल के मध्य वार्षिक ओवरहॉलिंग के कारण 15 सितम्बर तक बन्द रहेगा रेलवे फाटक 110

**अलीगढ़।** वरिष्ठ खण्ड अभियंता रेल पथ उत्तर-मध्य रेलवे मानव पुण्ढ़ीर ने यह जानकारी देते हुए बताया कि अलीगढ़-महरावल स्टेशन के मध्य कि0मी0 1327/13-15 पर रेलवे समपार संख्या 110 पर वार्षिक ओवरहॉलिंग एवं अन्य ट्रैक मेंटीनेंस का कार्य किया जा रहा है जोकि 15 सितम्बर तक किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि वार्षिक ओवरहॉलिंग कार्य के कारण फाटक बन्द रहने पर यातायात आरओबी 111 (जेल पुल) से किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि कार्य पूरा न होने की स्थिति में फाटक बन्द होने की अवधि आगे बढ़ाई जा सकती है।

## मोबाइल चलाने पर पिता ने डांटा तो घर से निकल गया किशोर

**टीएनएफ टुडे, कासगंज।** पढ़ाई छोड़कर मोबाइल चलाने पर पिता की डांट से नाराज 14 वर्षीय किशोर हाथरस स्थित घर से बिना बताए निकल गया। परिजनों को जब पता चला कि किशोर ट्रेन से कासगंज की ओर गया है तो उनके होश उड़ गए। सूचना मिलते ही जीआरपी कासगंज पुलिस सक्रिय हुई और हाथरस से कासगंज की ओर आने वाली ट्रेनों में चेकिंग शुरू कर दी। करीब 35 मिनट की मशक्कत के बाद किशोर को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। हाथरस जंक्शन थाना क्षेत्र निवासी रघुवीर ने शनिवार सुबह करीब आठ बजे रेलवे स्टेशन कासगंज पर जीआरपी को बताया कि उनका 14 वर्षीय इकलौता पुत्र कक्षा नौ का छात्र है। कुछ समय से वह पढ़ाई पर ध्यान देने के बजाय लगातार मोबाइल चलाता था। इसी बात को लेकर उसे डांट दिया था। नाराज होकर वो घर से बिना बताए निकल गया। जीआरपी कासगंज ने हाथरस से कासगंज आने वाली ट्रेनों में चेकिंग शुरू कराई। करीब 8:35 बजे पैसेंजर ट्रेन में किशोर मिल गया। किशोर की त्वरित बरामदगी पर परिजनों ने जीआरपी कासगंज पुलिस की सराहना की। कार्रवाई करने वाली टीम में थानाध्यक्ष कोमल कुंतल, हेड कांस्टेबल वीरेश कुमार और हेड कांस्टेबल हरिकेश कुमार गौतम शामिल रहे।

# भारतीय टेस्ट जर्सी का इंतजार

## किसी ने हजारों रन बनाए, किसी ने लिए सैकड़ों विकेट, फिर भी टीम से दूर ये खिलाड़ी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारतीय क्रिकेट में घरेलू क्रिकेट को राष्ट्रीय टीम में चयन की सबसे अहम सीढ़ियों में से एक माना जाता है। खासकर टेस्ट क्रिकेट में लंबे फॉर्मेट के प्रदर्शन को काफी महत्व दिया जाता है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) भी इंटरनेशनल क्रिकेटर्स को खाली समय में घरेलू क्रिकेट खेलने की सलाह देता रहा है। इसी वजह से ईशान किशन और श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ियों के खिलाफ घरेलू क्रिकेट में नहीं खेलने को लेकर सख्त कदम भी उठाए जा चुके हैं। हालांकि, घरेलू क्रिकेट में लगातार शानदार प्रदर्शन करने वाले कई ऐसे खिलाड़ी भी हैं, जो लंबे समय से भारतीय टेस्ट टीम के दरवाजे पर दस्तक दे रहे हैं, लेकिन उन्हें अब तक इंटरनेशनल स्तर पर खुद को साबित करने का पर्याप्त मौका नहीं मिला है। इनमें कुछ खिलाड़ी तो वर्षों से फर्स्ट-क्लास क्रिकेट में रन और विकेटों का अंबार लगा रहे हैं।

### अभिमन्यु ईश्वरन



अभिमन्यु ईश्वरन उन खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिनका नाम पिछले कई वर्षों से भारतीय टेस्ट टीम के आसपास नजर आता रहा है। बंगाल के इस सलामी बल्लेबाज ने फर्स्ट-क्लास क्रिकेट में लगातार शानदार प्रदर्शन किया है। वह 114 फर्स्ट-क्लास मुकाबलों में करीब 47 की औसत से 8396 रन बना चुके हैं। उनके नाम 27 शतक और 36 अर्धशतक भी दर्ज हैं। ईश्वरन का फर्स्ट-क्लास डेब्यू 2013 में हुआ था और इसके बाद से वह लगातार घरेलू क्रिकेट में अपनी उपयोगिता साबित करते रहे हैं। वह भारतीय टेस्ट स्क्वॉड का हिस्सा भी रह चुके हैं, लेकिन अब तक उन्हें टेस्ट मैच में मैदान पर उतरने का मौका नहीं मिला है। ऐसे में 30 साल की उम्र में भी ईश्वरन भारतीय टेस्ट कैप का इंतजार कर रहे हैं।

### धर्मेंद्रसिंह जडेजा



सौराष्ट्र के अनुभवी ऑलराउंडर धर्मेंद्रसिंह जडेजा घरेलू क्रिकेट में लंबे समय से अपनी गेंदबाजी का लोहा मनवा रहे हैं। उन्होंने 100 फर्स्ट-क्लास मैचों में 423 विकेट हासिल किए हैं। इसके अलावा लिस्ट-ए क्रिकेट में उनके नाम 121 विकेट, जबकि टी20 क्रिकेट में 65 विकेट दर्ज हैं।
धर्मेंद्रसिंह जडेजा ने 2013 में फर्स्ट-क्लास क्रिकेट में कदम रखा था। यानी एक दशक से ज्यादा समय से वह घरेलू स्तर पर लगातार खेल रहे हैं और प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके बावजूद भारतीय टेस्ट टीम में उन्हें अब तक जगह नहीं मिल सकी है। घरेलू क्रिकेट में उनके अनुभव और विकेटों के आंकड़े निश्चित तौर पर उन्हें टेस्ट टीम के लिए एक मजबूत दावेदार बनाते हैं।

### शाहबाज अहमद



शाहबाज अहमद भारतीय क्रिकेट में अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुभव रखने वाले खिलाड़ियों में शामिल हैं। वह भारत के लिए तीन वनडे और दो टी20 इंटरनेशनल मैच खेल चुके हैं। हालांकि, टेस्ट क्रिकेट में उन्हें अब तक मौका नहीं मिला है।शाहबाज की सबसे बड़ी खासियत उनकी ऑलराउंड क्षमता है। वह बाएं हाथ से बल्लेबाजी करने के साथ-साथ बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी भी करते हैं। 43 फर्स्ट-क्लास मैचों में उनके नाम 146 विकेट हैं, जबकि बल्लेबाजी में वह 2493 रन बना चुके हैं। ऐसे में लंबे फॉर्मेट में गेंद और बल्ले दोनों से योगदान देने की उनकी क्षमता उन्हें एक उपयोगी विकल्प बनाती है। घरेलू क्रिकेट में लगातार प्रदर्शन करने के बावजूद शाहबाज अभी तक टेस्ट टीम में अपनी जगह पक्की नहीं कर पाए हैं। दलीप ट्रॉफी 2026 में भी उन्होंने अपने प्रदर्शन से चयनकर्ताओं का ध्यान खींचने की कोशिश की है।

### शम्स मुलानी



मुंबई के स्टार ऑलराउंडर शम्स मुलानी घरेलू क्रिकेट में लगातार शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में शामिल हैं। बाएं हाथ से बल्लेबाजी करने के साथ-साथ वह बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी भी करते हैं और लंबे फॉर्मेट में उनकी उपयोगिता काफी ज्यादा है। मुलानी ने 59 फर्स्ट-क्लास मैचों में 269 विकेट हासिल किए हैं। वहीं बल्ले से उन्होंने 2577 रन बनाए हैं। उनके नाम एक शतक और 22 अर्धशतक भी हैं। रणजी ट्रॉफी 2025-26 में भी उनका प्रदर्शन शानदार रहा था और उन्होंने सात मुकाबलों में 30 विकेट अपने नाम किए थे। घरेलू क्रिकेट में लगातार विकेट लेने और बल्ले से उपयोगी योगदान देने के बावजूद मुलानी अभी तक भारतीय टेस्ट टीम में जगह बनाने में सफल नहीं हो सके हैं। खास बात यह है कि वह सिर्फ विशेषज्ञ गेंदबाज नहीं, बल्कि एक उपयोगी ऑलराउंडर के तौर पर टीम को अतिरिक्त संतुलन भी दे सकते हैं।

### तनुष कोटियान



तनुष कोटियान का नाम पिछले कुछ समय में भारतीय टेस्ट टीम के दरवाजे तक पहुंचने वाले खिलाड़ियों में तेजी से उभरा है। मुंबई के ऑफ स्पिन ऑलराउंडर ने 2023-24 रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करते हुए मुंबई को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। उस सीजन उन्होंने 502 रन बनाने के साथ 29 विकेट हासिल किए और उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया था। घरेलू क्रिकेट में उनके इस शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें इंडिया ए टीम में जगह मिली और ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी उन्होंने अपनी उपयोगिता दिखाई। इसके बाद दिसंबर 2024 में रविचंद्रन अश्विन के संन्यास के बाद कोटियान को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के आखिरी दो टेस्ट के लिए भारतीय टेस्ट स्क्वॉड में शामिल किया गया। यह उनका पहला टेस्ट कॉल-अप था। उस समय उनके नाम 33 फर्स्ट-क्लास मैचों में 101 विकेट और 1525 रन थे। हालांकि, कोटियान को ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट डेब्यू का मौका नहीं मिला। इसके बाद 2025 में इंग्लैंड दौरे के लिए घोषित भारतीय टेस्ट टीम में भी उन्हें जगह नहीं मिली। यानी टीम इंडिया की टेस्ट स्क्वॉड तक पहुंचने के बाद भी कोटियान अभी तक भारत के लिए टेस्ट मैच नहीं खेल सके हैं। 2026 में भी कोटियान घरेलू क्रिकेट में अपनी दावेदारी मजबूत करने में जुटे हैं। अगस्त 2026 में दलीप ट्रॉफी में वेस्ट जोन की ओर से खेलते हुए उन्होंने शुरूआती मुकाबले में चार विकेट और फिर दूसरी पारी में भी चार विकेट लेकर शानदार गेंदबाजी की। मौजूदा समय में उनके फर्स्ट-क्लास रिकॉर्ड में 45 मैचों में 139 विकेट और 2181 रन दर्ज हैं।

# पूर्व कप्तान कपिल देव ने अन्य खेलों के समर्थन की मांग उठाई



**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत के पूर्व कप्तान और पीजीटीआई (प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया) अध्यक्ष कपिल देव का कहना है कि क्रिकेट के अलावा बाकी खेलों का भी समर्थन करने की जरूरत है, क्योंकि अन्य खेलों के खिलाड़ी भी काफी मेहनत करते हैं।


एक सितंबर से शुरू हो रहे तेलंगाना गोलकोंडा मास्टर्स टूनार्मेंट के इवेंट में बात करते हुए कपिल देव ने कहा, मैंने क्रिकेट खेला और मुझे यह खेल बहुत पसंद था। इसमें कोई शक नहीं है कि क्रिकेट ने मुझे इस दुनिया में सब कुछ दिया है। हालांकि, मुझे लगता है कि हमें दूसरे खेलों को भी सपोर्ट और बढ़ावा देना चाहिए, क्योंकि इन खेलों के खिलाड़ी भी बहुत मेहनत करते हैं। मैं दूसरे खेलों की तुलना क्रिकेट से नहीं करना चाहता, लेकिन जब आप देखते हैं कि क्रिकेट को कितनी लोकप्रियता और ध्यान मिलता है, तो मुझे लगता है कि दूसरे खेलों को भी उस स्तर तक पहुंचाने की जरूरत है। ऐसा तभी हो सकता है जब मीडिया दूसरे खेलों पर भी अधिक ध्यान देना शुरू करे।

### पहले से गोल्फ नहीं खेल पाने का है अफसोस


भारत को पहला विश्व कप जिताने वाले कप्तान ने कहा कि उनको अब अफसोस होता है कि उन्होंने गोल्फ खेलना जल्दी क्यों शुरू नहीं किया। कपिल देव ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी कोई ना कोई खेल जरूर खेलें। गोल्फ खेल के फायदे गिनाते हुए कपिल ने कहा, मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि ऐसा नहीं है कि मैंने गोल्फ खेलने से मना किया था। अगर मैं क्रिकेट खेलते समय गोल्फ भी खेलता, तो शायद 2000 रन और बना पाता। मैं यही कह रहा हूं। हर किसी को दूसरे खेल भी आजमाने चाहिए। इससे आपका ध्यान बेहतर होता है और एक अलग तरह का स्वभाव बनता है। मुझे अफसोस है कि जब मैं क्रिकेट खेलता था, तब मैंने गोल्फ नहीं खेला। मैं सभी क्रिकेटरों से कहता हूं कि वे हफ्ते में कम से कम एक बार गोल्फ जरूर खेलें।

### हैदराबाद को बताया खेलों का शहर

कपिल देव ने हैदराबाद को खेलों का शहर बताया। उन्होंने कहा, हैदराबाद एक खूबसूरत और खेलों को पसंद करने वाला शहर है, जहां कई स्पोर्ट्स पर्सनैलिटीज आती रहती हैं। हम सभी हैदराबाद को यहां के क्रिकेटर्स की वजह से जानते हैं, लेकिन अब यहां गोल्फर्स, बैडमिंटन प्लेयर्स और टेनिस प्लेयर्स भी देखने को मिल रहे हैं।



# मनोरंजन



# 'हजारों ख्वाहिशें ऐसी' की मासूम गीता से 'खाकी' की दबंग नेता तक, हर रंग में माहिर हैं चित्रांगदा

हिंदी सिनेमा में कुछ कलाकार ऐसे भी हैं, जिन्होंने अपनी पहली ही फिल्म से लोगों के दिलों में जगह बना ली। चित्रांगदा सिंह भी ऐसी ही अभिनेत्री हैं। पर्दे पर उनकी मौजूदगी जितनी खूबसूरत लगती है, उनके किरदारों में उतनी ही गहराई भी दिखाई देती है। कभी उन्होंने 'हजारों ख्वाहिशें ऐसी' में संवेदनशील और मासूम गीता बनकर दर्शकों का दिल जीता, तो कभी ह्यबाजारह्न, 'बॉब बिस्वास' और 'गैसलाइट' जैसे प्रोजेक्ट्स में अलग-अलग रंग दिखाए। हाल के वर्षों में 'खाकीः द बंगाल चैप्टर' में एक प्रभावशाली राजनीतिक किरदार निभाकर उन्होंने फिर साबित किया कि वह सिर्फ ग्लैमर तक सीमित अभिनेत्री नहीं हैं। चित्रांगदा सिंह का जन्म 30 अगस्त 1976 को हुआ था। उनका बचपन मेरठ, कोटा और बरेली जैसे शहरों में बीता। उनके पिता सेना में अधिकारी थे, इसलिए परिवार को अलग-अलग जगहों पर रहना पड़ा। पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने मॉडलिंग की दुनिया में कदम रखा। धीरे-धीरे उन्हें विज्ञापनों और म्यूजिक वीडियो में काम मिलने लगा। गुलजार के म्यूजिक वीडियो 'सनसेट प्वाइंट' में नजर आने के बाद उन्होंने लोगों का ध्यान खींचा। इसके बाद उनके लिए फिल्मों का रास्ता खुला। साल 2005 में निर्देशक सुधीर मिश्रा की फिल्म 'हजारों ख्वाहिशें ऐसी' से चित्रांगदा ने बॉलीवुड में कदम रखा। फिल्म में उन्होंने गीता का किरदार निभाया था। कॉलेज की छात्रा और सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में उनका किरदार बेहद संवेदनशील था। चित्रांगदा ने इसे इतनी सहजता से निभाया कि दर्शकों और आलोचकों दोनों ने उनकी तारीफ की। पहली ही फिल्म के लिए उन्हें बेस्ट फीमेल डेब्यू का अवॉर्ड भी मिला।

लेकिन बॉलीवुड में पहली फिल्म की सफलता के बाद सब कुछ आसान नहीं रहा। उनकी अगली फिल्म 'कलः यस्टरडे एंड टुमारो' उम्मीद के मुताबिक नहीं चली। इसके बाद उन्होंने कुछ समय फिल्मों से दूरी बनाई। 2008 में 'सॉरी भाई!' से वापसी की, लेकिन यह फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर खास कमाल नहीं कर पाई। इसके बाद फिर एक ब्रेक आया।

फिर आया 2011, जिसने चित्रांगदा के करियर को एक नई दिशा दी। सुधीर मिश्रा की 'ये साली जिंदगी' में उन्होंने इरफान खान के साथ काम किया। क्लब सिंगर प्रीति के किरदार में उनका अंदाज काफी अलग था। इसी साल वह अक्षय कुमार के साथ 'देसी बॉयज' में भी नजर आईं। यहां उनका किरदार ग्लैमरस था और फिल्म ने उन्हें बड़े दर्शक वर्ग तक पहुंचाया।

इसके बाद चित्रांगदा ने लगातार अलग-अलग तरह के किरदार आजमाए। 'इंकार' में उन्होंने महत्वाकांक्षी माया का किरदार निभाया, जबकि 'आई, मी और मैं' में वह करियर को लेकर गंभीर महिला के रूप में नजर आईं। उन्होंने खुद को किसी एक तरह के किरदार में बांधकर नहीं रखा। कभी वह स्पेशल अपीयरेंस में दिखीं, तो कभी डांस नंबर का हिस्सा बनीं। साल 2018 उनके करियर में एक और महत्वपूर्ण पड़ाव लेकर आया। उन्होंने सिर्फ कैमरे के सामने अभिनय ही नहीं किया, बल्कि 'सूरमा' के जरिए निमार्ता के तौर पर भी कदम रखा। भारतीय हॉकी खिलाड़ी संदीप सिंह की जिंदगी पर बनी इस स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। इसी साल वह 'साहेब, बीवी और गैंगस्टर 3' में भी नजर आईं।

इसके बाद चित्रांगदा ने डिजिटल प्लेटफॉर्म का रुख किया। 2022 में वह 'मॉडर्न लव मुंबई' में नजर आईं। 2021 की फिल्म 'बॉब बिस्वास' में उन्होंने मैरी बिस्वास का किरदार निभाया। यह भूमिका भी उनके पहले के ग्लैमरस किरदारों से काफी अलग थी। 2023 में 'गैसलाइट' में उन्होंने रुक्मिणी का किरदार निभाया, जिसमें रहस्य और भावनाओं की कई परतें थीं। 2025 में आई 'खाकीः द बंगाल चैप्टर' में चित्रांगदा ने एक प्रभावशाली राजनीतिक किरदार निभाया। इस भूमिका में उनका अंदाज पहले से बिल्कुल अलग दिखाई दिया। पर्दे पर उनका आत्मविश्वास और राजनीतिक तेवर चर्चा में रहे।







# भावना पानी ने संजय लीला भंसाली के साथ काम करने की इच्छा जताई

अभिनेत्री भावना पानी फिल्मों और रंगमंच में खास पहचान रखती हैं। उन्होंने आईएएनएस के साथ हालिया बातचीत में बताया कि वे अपने करियर में एक बार संजय लीला भंसाली की फिल्मों में काम करना चाहती हैं। उन्होंने बताया, ₹संजय लीला भंसाली सर, चाहे मुझे कोई भी रोल दें, उसे आगे ले जाना मेरे ऊपर है। मैं उम्मीद करती हूं कि जब भी मुझे उनकी फिल्म में काम करने का मौका मिलेगा, तो वह शानदार, दमदार और चुनौतीपूर्ण रोल होगा। मैं यह भी उम्मीद करती हूं कि वह डांस वाला हो क्योंकि मैंने बचपन से ही भारतीय शास्त्रीय नृत्य सीखा है। मुझे लगता है कि संजय लीला भंसाली सर को शास्त्रीय संगीत और नृत्य की अच्छी समझ भी है। अभिनेत्री का मानना है कि हिंदी फिल्मों में अगर किसी निर्देशक ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य और म्यूजिक को बड़े कैनवास पर उतारा है, तो वे संजय लीला भंसाली सर हैं।
अभिनेत्री से आईएएनएस ने सवाल पूछा, ₹आपने यह भी कहा है कि अगर आप एक्टर या डांसर नहीं होते, तो आप एस्ट्रोनॉट बनना चाहते। एक्टिंग कल्पना और इमोशन से चलती है, जबकि एस्ट्रोफिजिक्स लॉजिक और साइंस पर आधारित है। ये अलग-अलग दुनियाएं आपकी पर्सनैलिटी में एक साथ कैसे रहती हैं?₹
अभिनेत्री ने जवाब देते हुए कहा, ₹इमोशन कभी भी बिना तर्क के नहीं आते हैं। ये आते कहां से हैं, उसका मकसद और जरूरत क्या है? यह सब समझने के लिए बहुत सारे तर्क और विज्ञान की आवश्यकता होती है। इसके लिए आपको बिहेवियरल साइंस की भी जानकारी होनी चाहिए। कई ऐसी चीजें हैं जहां आपके दिमाग का तार्किक होना बहुत जरूरी है। मुझे लगता है कि तार्किक दिमाग के साथ-साथ कल्पना और भावना की भी जरूरत होती है। वैज्ञानिक सोच होने से एक एक्टर को बहुत मदद मिलती है।₹
अभिनेत्री भावना पानी हाल ही में अक्षय कुमार की फिल्म 'भूत बंगला' में नजर आई थीं, जिसमें उन्होंने 'नौकरानी रागिनी' का किरदार निभाया था। अभिनेत्री ने इस फिल्म के लोकप्रिय गाने 'ओ सुंदरी' में अपने डांस से वह काफी चर्चा में आई थीं।

# कार्तिक आर्यन की मच अवेटेड फिल्म की शूटिंग जल्द होगी शुरू



कार्तिक आर्यन की अगली फिल्म को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। कार्तिक आर्यन के फैंस के लिए खुशखबरी है कि उनकी आने वाली फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होने वाली है।

### इस दिन से शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

कार्तिक आर्यन की मच अवेटेड फिल्मों में से एक 'कैप्टन इंडिया' की तैयारियां शुरू हो गई हैं। फिल्म की शूटिंग 1 सितंबर 2026 से लंदन में शुरू होगी। बताया जा रहा है कि फिल्म की शूटिंग अक्टूबर के आखिर तक पूरी कर ली जाएगी।
'कैप्टन इंडिया' का निर्देशन शिमित अमीन कर रहे हैं, जिन्हें 'चक दे! इंडिया' जैसी शानदार फिल्म के लिए जाना जाता है। उनकी फिल्मों की कहानियां आज भी दर्शकों से जुड़ती हैं और लंबे समय तक याद रहती हैं।

### ऐसी होगी फिल्म की कहानी

कार्तिक आर्यन स्टारर यह फिल्म एक एक्शन ड्रामा है, जो भारत के एक बहादुर रेस्क्यू और एवैक्यूएशन मिशन की सच्ची घटना से प्रेरित है। यह मिशन एक युद्ध से जूझ रहे देश में भारतीय नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकालने से जुड़ा था।
फिल्म को बड़े स्तर पर बनाया जा रहा है। कहानी में एक्शन के साथ-साथ देशभक्ति, भावनाएं और मुश्किल हालात में हिम्मत दिखाने वाले लोगों की कहानी देखने को मिलेगी।

### फिल्म की स्टारकास्ट और रिलीज डेट

फिल्म में कार्तिक आर्यन लीड रोल में नजर आएंगे।
उनके साथ एक एन्सेम्बल कास्ट भी फिल्म का हिस्सा होगी। हालांकि, बाकी कलाकारों के नाम को लेकर अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। 'कैप्टन इंडिया' की कहानी नैश वजीफदार, संचिता गुप्ता और प्रियदर्शी श्रीवास्तव ने लिखी है। फिल्म को भूषण कुमार की टी-सीरीज और बावेजा स्टूडियो मिलकर बना रहे हैं।
इसके साथ डोपामिन स्टूडियोज भी जुड़ा है और फिल्म का प्रोडक्शन एसबी फिल्म्स कर रहा है। कार्तिक आर्यन की यह फिल्म 13 अगस्त 2027 को रिलीज होगी।

# 'टॉक्सिक' में छोटे रोल में छा गईं संजीदा शेख

अभिनेत्री संजीदा शेख इन दिनों हालिया रिलीज फिल्म 'टॉक्सिकः ए फेरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। शनिवार को अभिनेत्री ने फिल्म में अपने किरदार को मिल रही सराहना के लिए दर्शकों का शुक्रिया अदा किया। अभिनेत्री संजीदा शेख ने इंस्टाग्राम पर फिल्म में अपने द्वारा निभाए गए किरदार की कुछ तस्वीरें और वीडियोज पोस्ट किए। इस पोस्ट के जरिए अभिनेत्री ने शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि छोटे से किरदार दर्शकों में इतना प्रभाव डालेगा। अभिनेत्री ने लिखा, ₹एक कलाकार के तौर अपने काम का सबसे मजेदार हिस्सा वो किरदार निभाना है, जो आपको चुनौती दें। फिल्म टॉक्सिक ने मुझे एक ऐसा अनोखा रोल निभाने का मौका दिया, जो मेरी असल जिंदगी से बहुत अलग है और शायद इसी वजह से मुझे इसे करने में बहुत मजा भी आया।₹
अभिनेत्री ने बताया कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि फिल्म में छोटी सी मौजूदगी बड़ा प्रभाव डालेगी और दर्शकों से ढ़ेर सारा प्यार मिलेगा। उन्होंने लिखा, ₹बिना किसी उम्मीद के इस फिल्म में आई थी, लेकिन फिल्म में मेरी छोटी सी मौजूदगी को इतना प्यार मिलने से मैं बहुत खुश हूं। मेरे सफर में साथ देने के लिए आप सभी का दिल से शुक्रिया। मैं वादा करती हूं कि आगे भी ऐसे ही रोल करती रहूंगी जो सबको चौंकाते रहेंगे।₹
अभिनेत्री संजीदा शेख फिल्म 'टॉक्सिकः ए फेरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' में एक विशेष कैमियो रोल में नजर आ रही हैं। फिल्म में उन्होंने मुख्य किरदार 'राया' (यश) और 'गंगा' (नयनतारा) की मां (कमला) का एक छोटा लेकिन विशेष कैमियो (विशेष उपस्थिति) निभाया है।
अभिनेत्री ने फिल्म में भले ही छोटा-निगेटिव रोल निभाया हो, लेकिन दर्शकों के दिलों में गहरा प्रभाव छोड़ा है। हालांकि, टीजर से ही उन्होंने दर्शकों का ध्यान खींच लिया था और रिलीज के बाद भी उनके इस इंटेंस रोल की तारीफ हो रही है।
गीतू मोहनदास द्वारा निर्देशित यह फिल्म 26 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है, जिसमें यश के अलावा कियारा आडवाणी, नयनतारा, हुमा कुरैशी और तारा सुतारिया जैसे कलाकार भी मुख्य भूमिकाओं में हैं।



